आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 25 | उज्जैन, सोमवार 09 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 8 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पीएम मोदी को संसद में जान का खतरा तो इस्तीफा दें

**वाराणसी।** 'पिछले कई महीने से नरेंद्र मोदी पर जो संकट के बादल छाए हैं, वो काशी की देन हैं। मणिकर्णिका की देन हैं, वो उन लाशों की देन हैं, जो मां गंगा के आंचल में बह रही थीं। मां गंगा के आंसू बह रहे थे, लेकिन मोदीजी को नहीं दिख रहे थे। ये श्राप यहीं से जा रहा। जिसने काशी को धोखा दिया, वो मुझे और आपको क्या छोड़ेगा? जो मां गंगा के नाम से यहां आया, उसने मां गंगा को धोखा दिया। वो मुझे और आपको क्या मानेगा?' यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने काशी में कही। दरअसल, रविवार को कांग्रेस की संविधान संवाद रैली हुई, इसमें पूरे देश से कांग्रेस के बड़े नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। रैली के दौरान कांग्रेसियों के निशाने पर पूरे समय पीएम मोदी और सीएम योगी ही रहे।

### गौरव गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार

**गुवाहाटी।** असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया।

### ऋतिक रोशन की कृष 4 अटकी



**500 करोड़ के बजट पर आदित्य चोपड़ा से नहीं बनी सहमति, सुपरहीरो की फिल्म पर फिलहाल लगा ब्रेक**

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे पॉपुलर सुपरहीरो फ्रेंचाइजी कृष की चौथी कड़ी कृष 4 को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से फिल्म की तैयारी जोरों पर थी, लेकिन अब इसे फिलहाल रोक दिया गया है और काम पर ब्रेक लगा दिया गया है। कृष सीरीज के फैंस पिछले कई वर्षों से चौथे भाग का इंतजार कर रहे हैं। पहले कृष (2006) और कृष 3 (2013) ने दर्शकों को खूब रोमांच दिया था, इसलिए अगला पार्ट भी ब्लॉकबस्टर बनने की उम्मीद थी। इस बार खबर थी कि सुपरस्टार ऋतिक रोशन न केवल हीरो होंगे, बल्कि फिल्म को डायरेक्ट भी करेंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म अचानक ठंडे बस्ते में चली गई है। बजट को लेकर मतभेद प्रमुख वजह बनी है। कहा जा रहा है कि ऋतिक चाहते थे कि कृष 4 को करीब 500 करोड़ के बजट में बनाया जाए, लेकिन आदित्य चोपड़ा और उनकी टीम 350 करोड़ के बजट पर अटके रहे। दोनों पक्षों के बीच बजट को लेकर लंबी बातचीत चली, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं निकल पाया। इस विवाद के चलते फिल्म को फिलहाल साइडलाइन कर दिया गया है। अब ऋतिक रोशन खुद दूसरे स्टूडियोज से बातचीत कर रहे हैं, ताकि वे बजट के मुताबिक स्क्रिप्ट में बदलाव करके कृष 4 पर फिर से फोकस कर सकें। हालांकि सूत्रों का कहना है कि ऋतिक रोशन, आदित्य की प्रतिक्रिया को सकारात्मक रूप से ले रहे हैं और जल्द ही नई योजना के साथ आगे आएंगे। जैसे-जैसे ये मुद्दा सुलझेगा, कृष 4 पर काम फिर से शुरू हो सकता है।

### जापान चुनाव- एग्जिट पोल में पीएम तकाइची को बड़ी बढ़त

**टोक्यो।** जापान में रविवार आम चुनाव के लिए वोटिंग पूरी हो गई है। प्रधानमंभी साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत मिलती दिख रही है। सरकारी ब्रॉडकास्टर एनएचके के एग्जिट पोल के मुताबिक एलडीपी को निचले सदन की 465 में से 274 से 328 सीटें मिल सकती हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा हैं। एलडीपी के नेतृत्व वाला गठबंधन सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी (इशिन) के साथ मिलकर 366 सीटें जीत सकता है। फिलहाल गठबंधन के पास 233 सीटें हैं, और अगर यह 310 सीटें जीत लेता है तो ऊपरी सदन में विपक्ष के नियंत्रण के बावजूद कानून पास करने की ताकत मिल जाएगी। ताकाइची ने कहा है कि अगर गठबंधन बहुमत खो देता है तो वह इस्तीफा दे देंगी। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ताकाइची को समर्थन जता चुके हैं।

### पाकिस्तान ने मस्क की स्टारलिंक इंटरनेट सर्विस को लाइसेंस नहीं दिया

**लाहौर।** पाकिस्तान सरकार ने अरबपति इलॉन मस्क की स्टारलिंक को सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने का लाइसेंस फिलहाल नहीं दिया है। सरकार का कहना है कि डेटा सिक्योरिटी, निगरानी व्यवस्था और जियोपॉलिटिकल हालात को लेकर अभी चिंताएं बनी हुई हैं। द ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा है कि स्टारलिंक के जरिए भेजा जाने वाला डेटा पाकिस्तान की मौजूदा मॉनिटरिंग और रेगुलेटरी व्यवस्था को बायपास कर सकता है। इसी वजह से बिना पूरी सुरक्षा जांच के लाइसेंस देने से इनकार किया गया है। सरकार को यह भी चिंता है कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं को जरूरत पड़ने पर ब्लॉक करना मुश्किल होगा, खासकर बलूचिस्तान जैसे संवेदनशील और दूरदराज इलाकों में।

---

मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोले मोहन भागवत, वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी

## संघ यदि कहे तो मैं पद छोड़ दूंगा : आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

### सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं, जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है, वही सरसंघचालक बनता है

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) बनता है।



भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी।

**'देश में बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक जैसी कोई चीज नहीं'-** उन्होंने कहा कि देश में बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक जैसी कोई चीज नहीं है, हम सभी एक ही समाज का हिस्सा हैं। उन्होंने मुस्लिम और ईसाई समुदायों के साथ विश्वास, मित्रता और संवाद की जरूरत पर जोर दिया। धर्म पर बात करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि जब धर्म में आध्यात्मिकता नहीं रहती, तो वह आक्रामक और हावी होने लगता है। उन्होंने कहा कि आज इस्लाम और ईसाई धर्म में जो कुछ देखने को मिल रहा है, वह पैगंबर मोहम्मद और यीशु मसीह की मूल शिक्षाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने 'सच्चे इस्लाम और सच्ची ईसाइयत' के पालन की बात कही।

#### भागवत के भाषण की 6 बड़ी बातें

- समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए।
- उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।
- घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा।
- आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है। प्रचार बारिश की तरह होना चाहिए। सही समय पर और सीमित मात्रा में।
- संघ अपने स्वयंसेवकों से आखिरी बूंद तक काम लेता है। आरएसएस के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई, जब किसी को जबरन रिटायर करना पड़ा हो।
- संघ की कार्यप्रणाली में अंग्रेजी कभी मुख्य भाषा नहीं बनेगी, क्योंकि यह भारतीय भाषा नहीं है। जहां जरूरत होती है, वहां अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जाता है। हमें अंग्रेजी सीखनी चाहिए, लेकिन मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए।

---

पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई

## आतंकवाद पर कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं: मोदी

### तमिल भाषा भारत-मलेशिया को जोड़ती है, दोस्त से किया वादा निभाने मलेशिया आया

**एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलेशिया दौरे का आज दूसरा दिन है। पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद पर अपना रुख कड़ा किया।

उन्होंने कहा, आतंकवाद के बारे में हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे।

पीएम मोदी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान तमिल भाषा की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है।



मोदी ने ऑडियो-विजुअल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी। पीएम मोदी ने मलेशियाई पीएम को अपना दोस्त बताया।

#### पीएम मोदी ने 10वें सीईओ फोरम में भाग लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम के दौरान आज मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेट्रोनास के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ तन श्री तेंगकु मुहम्मद तौफिक, बर्जया कॉर्पोरेशन बर्हाद के संस्थापक तन श्री दातो' सेरी विंसेंट, खजानाह नेशनल बर्हाद के डायरेक्टर दातो' अमीरुल फैसल वान जाहिर और फाइसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते कारोबारी संबंधों (बी2बी कनेक्शन्स) की सराहना की और मलेशियाई कंपनियों में भारत की विकास यात्रा के प्रति गहरी रुचि देखकर प्रसन्नता जताई।

---

## प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर किसी पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा राजगढ़ में दो दिन पहले दिए गए बयान पर मोहन सरकार को घेरा है। पटवारी ने एक्स पर लिखा है कि आज 20 साल की भाजपा सरकार में एक भी विभाग में बिना चाय पानी के आम आदमी की फाइल पास नहीं होती, क्योंकि नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकतर विभाग भ्रष्टाचार के जाल में फंसे हुए हैं। अब मध्य प्रदेश को इस भ्रष्ट सरकार से मुक्त कराना ही कांग्रेस का प्रथम संकल्प है।

पटवारी ने एक्स पर किए गए ट्वीट में कहा है कि अब मोहन सरकार के राजस्व मंत्री कैमरे पर कह रहे हैं कि थोड़ा बहुत भ्रष्टाचार तो हर जगह ही है। जब मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री दोनों को यह बात पता ही है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, तो फिर किसी भी व्यक्ति पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? या भाजपा के मंत्री और विधायक इस भ्रष्टाचार के सिंडिकेट में शामिल हैं? पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आप मंचों से कहते थे न खाऊंगा न खाने दूंगा, पर मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के राजस्व मंत्री और मुख्यमंत्री स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। उन्होंने लिखा है कि जिस 50% कमीशन की बात मैं लगातार करता रहा हूं, उस पर मुहर प्रदेश के मंत्री और मुख्यमंत्री लगा रहे हैं। आज 20 साल की भाजपा सरकार में एक भी विभाग में बिना चाय पानी के आम आदमी की फाइल पास नहीं होती, क्योंकि नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकतर विभाग भ्रष्टाचार के जाल में फंसे हुए हैं।

---

## प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश



**एजेंसी ▶▶ विजयवाड़ा**

कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलटों ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आ गई और क्रैश हो गया।

---

## गंदगी और गंदा पानी नाले में छोड़ने पर कार्रवाई

### इंदौर नगर निगम ने अलग-अलग कंपनियों पर लगाया 1 लाख 80 हजार का जुर्माना

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार औद्योगिक इलाकों में दौरा और चालानी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में झोन क्रमांक 17 और झोन क्रमांक 3 में आने वाले सांवेर रोड और पोलोग्राउंड स्थित औद्योगिक इलाकों में नालों में गंदगी और अपशिष्ट पानी छोड़ने वाली औद्योगिक इकाइयों पर चालानी कार्रवाई की गई।

झोन क्रमांक 17 में आने वाले सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में कार्रवाई की गई। झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील ने बताया कि रविवार को सांवेर रोड स्थित औद्योगिक इकाइयों द्वारा कचरा, गंदगी और अपशिष्ट जल सीधे नाले में छोड़ा जा रहा था। जिसके चलते इन पर कार्रवाई की गई।



- ललित नमकीन पर 50 हजार रुपए
- मेघा पॉलिमर पर 35 हजार रुपए
- गीतिका प्लास्टिक पर 30 हजार रुपए

#### उषा ऑर्गेनिक पर 25 हजार रुपए

नगर निगम ने यहां पर 1 लाख 40 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील, सीएसआई आशीष कापसे, उपयंत्री सिद्धांत मेहता सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## उद्योगपति के बेटे ने लेम्बोर्गिनी कार से 6 को उड़ाया

### बुलेट सवार 10 फीट दूर गिरा, थाने में बाउंसरों ने घायलों से अभद्रता की

**एजेंसी ▶▶ कानपुर**

कानपुर में तंबाकू कारोबारी के बेटे ने वीआईपी रोड पर लेम्बोर्गिनी कार से छह से अधिक लोगों को टक्कर मार दी। एक बुलेट सवार को टक्कर मारी तो चालक हवा में उछलकर सड़क पर 10 फीट दूर गिरा। इसके बाद लेम्बोर्गिनी कार बुलेट के ऊपर चढ़ गई।

हादसे से गुस्साए लोगों ने कार को घेर लिया। भीड़ को देखकर कारोबारी की बेटा कार के अंदर ही दुबक गया। उसके बाउंसरों ने लोगों के साथ हंगामा किया। धक्का देकर लोगों को भगाने का प्रयास किया। इसी बीच ग्वालटोली थाने की पुलिस मौके





पर पहुंची और कार को थाने ले आई। उद्योगपति के बेटे और अन्य घायलों को एक निजी अस्पताल में भेज दिया। थाने में पीड़ितों से उद्योगपति के बेटे के बाउंसरों ने अभद्रता की। इसके बाद लोगों ने थाने में जमकर हंगामा किया। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि केके मिश्रा तंबाकू कारोबारी हैं। दोपहर करीब 3.15 बजे उनका बेटा शिवम मिश्रा वीआईपी रोड पर अपनी लेम्बोर्गिनी कार से तेज रफ्तार जा रहा था। रेव-थ्री के पास कार अनियंत्रित हो गई। सड़क किनारे खड़े और वाहन चालकों समेत 6 से अधिक लोगों को कार से टक्कर मार दी।

---

गुजरात में टीचर ने देर से आने पर टोका तो छात्र भड़क गया

## स्टूडेंट ने महिला टीचर को थप्पड़ मारा

**एजेंसी ▶▶ अहमादाबाद**

गुजरात के पंचमहल जिले में 12वीं के एक छात्र ने महिला टीचर को क्लासरूम में थप्पड़ मार दिया। घटना 24 जनवरी को शेरा कस्बे के एस.जे. डेव हाई स्कूल में हुई। मामले का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद विवाद बढ़ा और 3 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई।

पुलिस के मुताबिक, छात्र 12वीं की दूसरी प्रीलिम परीक्षा के लिए देर से पहुंचा था। महिला इन्विजिलेटर ने जब उससे देरी की वजह पूछी, तो छात्र भड़क गया। उसने कहा, घर में मुझसे कोई कुछ नहीं पूछता, आप कौन होती हैं सवाल करने वाली।

**थप्पड़ मारने के बाद टीचर को धक्का दिया-** सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि क्लासरूम में स्टूडेंट्स परीक्षा दे रहे थे।




तभी आरोपी छात्र आया। गेट पर टीचर से उसकी बहस हुई। इसके बाद उसने महिला टीचर के गाल पर थप्पड़ मारा और जोर से धक्का दे दिया। इतने देर में दूसरे स्टूडेंट्स डेस्क से उठकर आ गए। इसके बाद आरोपी भाग गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मामले को लेकर काफी नाराजगी देखने को मिली। पुलिस ने बताया कि उसी दिन आरोपी छात्र के पिता ने टीचर और स्कूल के प्रभारी प्रिंसिपल से माफी मांगी थी।

#### 15-20 लोगों के साथ स्कूल आकर धमकी देने का आरोप

हालांकि, 27 जनवरी को छात्र अपने पिता और 15-20 अन्य लोगों के साथ दोबारा स्कूल पहुंचा। आरोप है कि उसने टीचर को धमकाया और कहा- तुम शहर में अकेली रहती हो, देख लेंगे। पुलिस के अनुसार, छात्र का दावा है कि वह अपने साथियों के साथ टीचर और स्कूल स्टाफ से माफी मांगने गया था। पुलिस इंस्पेक्टर अंकुर चौधरी ने बताया कि घटना की कड़ी समझने के लिए पुलिस ने पूरे मामले का रिकंस्ट्रक्शन किया। आरोपी 18 साल का छात्र मोहम्मद खान अंसारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां शुक्रवार को उसे जमानत मिल गई। मामले में आगे की जांच जारी है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## नहीं मिला नील गायों को न्याय




उद्यानिकी विभाग के आम बागान में 9 माह पूर्व 20 मई को दो नीलगाय की मौत झटका मशीन से होना सामने आया था। स्थल से वायर सहित अन्य संसाधन मिले थे। वन्यजीव नीलगाय की सीधे झसीधे शिकार का मामला था। पशु चिकित्सक ने भी इसे स्वीकार किया था और शव विच्छेदन की रिपोर्ट में भी बहुत कुछ ऐसा ही लिखा गया था। वन्यजीव के इस शिकार के मसले में जिम्मेदार विभाग अब तक मृत नीलगायों को न्याय दिलाने में सफल नहीं हुआ है। इसके पीछे वजह यह नहीं है कि कोई बडी अडचन हो। असल में विभाग के तत्कालीन अधिकारी जिन पर पूरे मामले की जिम्मेदारी थी वे खेल कर गए। उद्यानिकी की और से उन्हें गेंदे और गुलाब की विशेष वैरायटी दी गई जो कि बगैर पानी,हवा और प्राकृतिक वातावरण न हो तो भी चलती है। उसके बाद पूरे मामले में गोबर छाबने का काम अंजाम दे दिया गया। मामले में न तो अब तक किसी पर कार्रवाई की गई है और न ही संबंधितों का चालान ही पेश किया जा रहा है। आम बागान में एक बार फिर बहार आने वाली है । खुसूर-फुसूर है कि फिर से चौकीदार की पत्नी के नाम आम बागान निलाम होने वाला है लेकिन इस बार बागान में एक समस्या रातों में देखी जा रही है जिससे रात में वहां रहने वाले प्रभावित हो सकते हैं। पूर्व के अधीक्षक एवं चौकीदार के साथ एक नंबर के साब को भी सपने में नीलगाय दिखाई दे रही है।

## न्यूज कॉलम

### एकता कपूर संग 5 अभिनेत्रियों ने किए महाकाल के दर्शन



**उज्जैन।** भारतीय सिनेमा और टीवी की मशहूर निर्माता एकता कपूर रविवार को उज्जैन पहुंचीं। उनके साथ फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की पांच जानी-मानी अभिनेत्रियां भी थीं। सभी ने पहले श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और फिर मंगलनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। एकता कपूर के साथ दर्शन करने वाली अभिनेत्रियों में दीपशिखा नागपाल, नीलम कोठारी, विद्या मालवदे, सीमा किरण सचदेव और पूजा शामिल थीं। इन सभी कलाकारों ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स, नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली 'रागिनी एमएमएस 3' और 'लॉक अप' की सफलता के लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना की।

### सिंहस्थ के निर्माणों को तेज गति से पूर्ण कराने पर ध्यान

# निर्माण का निरीक्षण, कामगार की सुरक्षा नजरअंदाज

## साईडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था तक नहीं, संसाधन अभाव में खतरों के बीच जारी काम



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों को तेज गति से पूर्ण कराने के लिए ध्यान दिया जा रहा है लेकिन इस साप्ताहिक निरीक्षण में सिर्फ निर्माण पर ध्यान दिया जा रहा है कारगार की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। निर्माण की साईडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था तक दिखाई नहीं देती है। संसाधन अभाव में खतरों से खेलते हुए ही निर्माण श्रमिक काम कर रहे हैं।

हाल ही में निर्माण की साईडों पर हादसों की शुरूआत हो चुकी है। शांति पैलेस के सामने निमार्णाधीन ब्रिज में झारखंड निवासी एक श्रमिक की सरियों के बीच दब कर मौत हुई है। इस दौरान साफ तौर पर संसाधनों का अभाव सामने रहा है। यहां तक की दबे हुए मजदूर को निकालने के लिए गैस कटर के लिए गैस के सिलेंडर भी मंगवाना पडे और उसके बाद अपरांह से दबे श्रमिक को कई घंटे बाद निकाला जा सका था। निर्माण के नियमों को ही सीधे तौर पर साईडों पर ताक कर रखकर काम किया जा रहा है लेकिन निरीक्षण में मात्र काम की गति देखी जा रही है निर्माण के नियमों को नहीं । काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को भी सीधे तौर पर ही नजरअंदाज किया जा रहा है।



### निरीक्षण के समय नाम मात्र का पालन

अधिकारियों के निरीक्षण के समय भी अधिकांश स्थलों पर साईड पर श्रमिक ऐसे ही काम करते देखे जा सकते हैं। सिर्फ अधिकारियों के निरीक्षण स्थल के आसपास ही सुरक्षात्मक उपकरण पहनाकर मजदूरों को घुमाया जाता है जिससे की फोटो में सुरक्षात्मक उपकरण के साथ काम करने के साक्ष्य भर रखे जा सकें। इसमें ठेका कंपनी एवं अधिकारियों दोनों के पक्ष के साक्ष्य खडे हो रहे हैं। उसके बाद के शेष समय में श्रमिक बगैर सुरक्षा संसाधन के ही अपने कामों को अंजाम दे रहे हैं,जिसे देखना भी वाजिब नहीं समझा जा रहा है।

### सभी जगह प्राथमिक चिकित्सा का अभाव

निर्माण के अनुबंधों के प्रारंभिक मांग में ठेकेदार से कार्यस्थल पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा की मांग रखी जाती है। खास यह है कि सिंहस्थ के छोटे से बडे कामों में कहीं भी प्राथमिक चिकित्सा सुविधा कक्ष एवं बाक्स देखने तक को नहीं मिल रहे हैं। बडे ब्रिजों के पास तो ठीक यहां तक की बडे भवनों के निर्माण में भी शहर के मध्य ही इसे दरकिनार किया जा रहा है। निर्माण में लगे मजदूरों को न तो सुरक्षा के उपकरण का उपयोग ही करवाया जा रहा है और न ही उसे जरूरी समझा जा रहा है। अमूमन सामान्य दिनों में काम के दौरान श्रमिक चाहे जैसे काम कर रहे हैं लेकिन साईड के जिम्मेदार विभागीय अधिकारी का इन पर कोई अंकुश नहीं है । अधिकारियों के सामने ठेकेदारों की मनमानी से काम हो रहा है। अधिकारी भी इसे नजरअंदाज कर काम करवाने की प्राथमिकता देख रहे हैं । घाट निर्माण के स्थल पर भी यही हाल हैं तो खान के उपरी हिस्से के काम में भी यही सब देखा जा रहा है। स्थलों पर असुरक्षात्मक रूप से काम करते श्रमिक तो देखे जा सकते हैं लेकिन फर्स्ट एड की सुविधा ढुंढने से भी देखना मुश्किल होता है। शिप्रा को प्रवाहमान बनाने के लिए सेवरखेडी झसिलारखेडी के निमार्णों में भी यही स्थिति ग्रामीण बता रहे हैं।

### मोहनपुरा ब्रिज के श्रमिक की मौत

शनिवार रात को मोहन पुरा ब्रिज निर्माण के काम में लगे पश्चिम बंगाल के श्रमिक राधे पिता विष्णु 32 वर्ष की अचानक तबियत बिगडी थी। उसे अन्य साथी श्रमिक अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां उसकी मौत हो गई। सामने आ रहा है कि साईड पर प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा भी नहीं है।

### एक भी नोटिस नहीं

इधर सामने आ रहा है कि निर्माण से जुडे विभागों के पास असुरक्षात्मक रूप से काम लेने वाली एजेंसी को नोटिस देने का अधिकार होता है। विभागीय अधिकारी एवं साईड इंजीनियर इसे लेकर अधिकार रखते हैं। उसके बावजूद अब तक एक भी निर्माण ठेका एजेंसी को ऐसा कोई नोटिस देने का और पेनल्टी लगाने का काम नहीं किया गया है। न तो ऐसे किसी मामले में कार्रवाई ही की गई है।

### पर्यावरण को ताक में रखकर काम

सूत्रों के अनुसार निर्माण के कामों में पर्यावरण के नियमों को भी ध्यान में रखकर काम को अंजाम दिया जाना है। जिसमें धूल कण ज्यादा न फैलें इसका भी ध्यान रखते हुए सुरक्षात्मक उपाय किए जाना हैं लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। न तो निर्माण स्थलों को आसपास से नीचे से कवर किया जा रहा है और न हीं उसके आसपास ग्रीन नेट और पानी के छिडकाव का ही उपयोग किया जा रहा है।यहां तक की घाट निर्माण में एनजीटी के नियमों को भी ताक में रखकर काम अंजाम दिया जा रहा है। इससे नदी क्षेत्र के जलीय जीवों का जीवन संकट में ही है।

### निर्माण स्थलों पर सूचना पट्ट का अभाव

निर्माण स्थलों पर सामान्य सूचना पट्ट का अभाव भी देखा जा रहा है जिस पर काम का नाम स्वीकृत राशि, निर्माण की एजेंसी एवं ठेका कंपनी के साथ काम के लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के नाम एवं नंबर तक ढुंढने से नहीं मिल रहे हैं। निर्माण स्थल के आसपास आमजन को सावधान करने वाले सूचना बोर्ड तक गायब हैं।

### भ्रष्टचारी बनाम खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे

# भ्रष्टियों ने लोकायुक्त के पेमप्लेट से नंबर मिटाए और फाड़े

## लोकायुक्त ने चिपकाए थे आम आदमी को जागरूक करने के लिए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

लोकायुक्त ईकाई की आमजन तक पहुंच को रोकने के लिए कतिपय भ्रष्टों ने खंबा नोचने का काम किया है। लोकायुक्त ईकाई द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए लगाए गए पेमप्लेट को निशाना बनाया है। जिससे की भ्रष्टाचार का शिकार आमजन लोकायुक्त ईकाई तक अपनी पहुंच न बना सके। यह काम भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र में देखा गया है।

पिछले कुछ समय में लोकायुक्त की धमक कतिपय भ्रष्ट कर्मचारियों को जमकर रही है। इसका खास कारण रहा है कि लोकायुक्त ईकाई ने अपनी पहुंच सामान्य आदमी तक बना ली थी। इसके पीछे एक प्रमुख कारण था कि ईकाई ने अपने काम और अधिकारियों के नंबर आम आदमी को उपलब्ध करवाए गए थे। इसके लिए ईकाई ने पेमप्लेट बनवाकर उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर आम आदमी की पहुंच तक लगाया गया था।




**प्रसाद के समय हुआ था काम-** लोकायुक्त में एडीजी जयदीप प्रसाद के ज्वाईन करने के बाद तेज गति से भ्रष्टियों को धरने के काम हुए थे। जितने प्रकरण उनके आने के पूर्व एक वर्ष में दर्ज किए गए थे उतने प्रकरण उनके ज्वाईन करने के मात्र 3 माह में ही दर्ज कर लिए गए थे। पेमप्लेट सार्वजनिक स्थानों पर लगवाने को लेकर भी संभाग ईकाईयों का उन्ही का फरमान रहा था। पेमप्लेट पर अंकित नंबरों और कार्य की पुष्टि उन्होंने खुद भी करवाई थी। **सेतु तोडने का प्रयास-** लोकायुक्त ईकाई ने आमजन तक सेतु बनाने के लिए पेम्पलेट का उपयोग किया था। इसके चलते पूरे संभाग के ही प्रशासनिक कार्यालयों के आसपास ये पेमप्लेट लगवाए गए थे। इन पेमप्लेट पर लोकायुक्त ईकाई का टेलीफोन नंबर के साथ अधिकारियों के मोबाईल नंबर भी अंकित किए गए थे,जिससे की आम आदमी कतिपय भ्रष्टियों से तंग आकर इनका सहारा ले सके। कार्यालयों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर लगे पेमप्लेटों से कतिपय भ्रष्टियों ने नंबर बिगाड दिए हैं और कई जगह से पेमप्लेट को फाडकर ही गायब कर दिया गया है।

### भरतपुरी से गायब हुए

लोकायुक्त ईकाई उज्जैन ने भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय के साथ प्रमुख स्थानों पर पेमप्लेट चस्पा किए थे। इनमें से कार्यालयों के पास वाले पेमप्लेट एवं दुकानों पर चिपकाए पेमप्लेट तो फाड कर ,रगडकर गायब कर दिए गए ,लेकिन सार्वजनिक शौचालय में लगा पेमप्लेट में ऐसा करना संभव नहीं हुआ तो भ्रष्टियों ने इस पर लिखे नंबरों को ही गायब कर दिया है।

### एक नही अनेक आरोपी बनाए

भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र में लोकायुक्त ईकाई उज्जैन ने एक नहीं अनेक आरोपी पकडे हैं। एक समय उज्जैन विकास प्राधिकरण लोकायुक्त के लक्ष्य पर रहा तो गृह निर्माण मंडल में भी जमकर शिकार रहे। पंजीयन कार्यालय से भी आरोपी पकडा गया। यहां तक की केंद्रीय कार्यालयों तक में हाथ डाल दिया गया था।

### विवाह मुहुर्त ऐसे की परीक्षाएं प्रभावित न हो जाएं

# हाईस्कूल के प्रथम प्रश्न पत्र से एक दिन पहले ही जमकर शादियां

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी की परीक्षाएं 10 फरवरी मंगलवार एवं हाईस्कूल की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होने वाली है। इस वर्ष की शुरूआत में खरमास के कारण शुक्र अस्त होने से विवाह नहीं हो सकें थे जो अब हो रहे हैं। ऐसे में हायर सेकेंडरी की परीक्षार्थी को तो थोडी राहत मिल रही है लेकिन हाईस्कूल के परीक्षार्थी शादियों के बैंड,बाजा,बारात एवं चिल्ल पौं से प्रभावित होंगे।

1 फरवरी 2026 को शुक्र के उदय होते ही देश भर में शादियों और शुभ कार्यों की धूम मच रही है। इससे पूर्व नए साल 2026 की शुरूआत में शुक्र के अस्त रहने और खरमास के प्रभाव के कारण मांगलिक कार्यों पर लगा ब्रेक लगा रहा था । शुक्र देव के अस्त होने की वजह से जहां इस बार बसंत पंचमी जैसा अबूझ मुहूर्त भी सूना रहा था। फरवरी में ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार कुल 12 श्रेष्ठ मुहूर्त विवाह के लिए निकल कर आ रहे थे उनमें से 3 मुहुर्त तो निकल चुके हैं शेष मुहुर्त ऐसी स्थिति में आ रहे हैं जब माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं का दौर शुरू हो चुका होगा। तय है शादियों का शौर-शराबा से कोई भी प्रभावित हुए बगैर नहीं रह पाता है ऐसे में हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की शुरूआत ही इसमें होगी। हायर सेकेंडरी परीक्षा की शुरूआत के दिन भी मुहुर्त रहेगा। एक दिन पूर्व ऐसा मुहुर्त नहीं होने से विद्यार्थियों को पढने के लिए पूरा अवसर मिल सकेगा,जबकि हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की परीक्षा के एक दिन पूर्व मुहुर्त होने से उन पर इसका प्रभाव पडना तय है।

- **ये रहेगी परीक्षा की शुरूआत-** माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। पेपर के सेट एवं गोपनीय सामग्री परीक्षा केंद्रों से संबंधित पुलिस थानों में जमा हो चुके हैं। हायर सेकेंडरी की परीक्षा 10 फरवरी से शुरू हो रही है। हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू होगी।

### फरवरी माह में ये हैं विवाह मुहूर्त

- 10 फरवरी 2026, मंगलवार
- 12 फरवरी 2026, गुरुवार
- 14 फरवरी 2026, शनिवार
- 19 फरवरी 2026, गुरुवार
- 20 फरवरी 2026, शुक्रवार
- 21 फरवरी 2026, शनिवार
- 24 फरवरी 2026, मंगलवार
- 25 फरवरी 2026, बुधवार
- 26 फरवरी 2026, गुरुवार



# निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान अंतर्गत 14 स्थानों पर शिविर संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पूर्णिमा श्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के अंतर्गत 14 स्थानों पर शिविर संपन्न हुए। रविवार को पिपलीनाका स्थित मारवाड़ी माली समाज धर्मशाला एवं रविशंकर नगर स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में शिविर आयोजित किये गये। इसी श्रृंखला में आज सोमवार को महिदपुर तहसील के ग्राम झुठावद एवं उज्जैन शहर के दानीगेट स्थित अनंतपेठ में शिविर आयोजित होंगे।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्षों के उपलक्ष्य में निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान दिल से कहो अपने मोहनजी है न संपूर्ण उज्जैन जिले में संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पीपलीनाका स्थित उदूर्पुरा में मारवाड़ी माली समाज धर्मशाला में चोईथराम हॉस्पिटल, इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। एवं शहर के वार्ड क्रमांक 29 स्थित रविशंकर नगर में संजीवनी क्लिनिक पर अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दोनों ही अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच, परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविरों में जनता जनार्दन ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के अंतर्गत रविवार को शिविर में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व महापौर मीना विजय जोनवाल, फामेर्सी कौंसिल पूर्व अध्यक्ष ओम जैन, पार्षद गब्बर भाटी, हेमंत गेहलोत भूरू, पार्षद रामेश्वर दुबे रम्मू भैया सहित मारवाड़ी माली समाज के पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए।

खोईवाल ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रेरणा से प्रारंभ हुए इस अभियान में अब तक संपूर्ण जिले में 14 स्थानों पर शिविर आयोजित किये गये हैं जिसमें हजारों नागरिकों ने सहभागिता कर हृदय रोग विशेषज्ञों से जांच परामर्श एवं उपचार का लाभ लिया। इसी कड़ी में आज सोमवार 9 फरवरी, सोमवार को जिले की महिदपुर तहसील अंतर्गत ग्राम झूठावद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर आयोजित होगा वहीं दूसरी ओर उज्जैन शहर के वार्ड क्रमांक 12 दानीगेट स्थित अनंतपेठ में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### अंगारेश्वर महादेव मंदिर, शिप्रा तट पर सेवा की अनूठी मिसाल

# समाजसेवी लमसम पटेल ने निजी भूमि पर जुटाई श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सुविधाएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मोक्षदायिनी शिप्रा के तट पर स्थित प्रसिद्ध अंगारेश्वर महादेव मंदिर (दो राशि के स्वामी) में आस्था लेकर आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सेवा के लिए समाजसेवी निर्भय सिंह पटेल (लमसम) ने एक अनुकरणीय पहल की है। मंदिर आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वे विगत कई वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन पर, अपने निजी खर्च से निःशुल्क पार्किंग, सुलभ शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

- **निस्वार्थ सेवा और स्वच्छता का संकल्प-** समाजसेवी निर्भय सिंह पटेल का उद्देश्य है कि धर्मनगरी उज्जैन आने वाले श्रद्धालु यहाँ से सुखद अनुभव और एक अच्छा संदेश लेकर लौटें। इसी भावना के साथ उन्होंने अपनी निजी भूमि जनसेवा के लिए समर्पित कर रखी है। इसके अलावा, स्वच्छता बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत कमेड़ के सरपंच के सहयोग से कचरा गाड़ी की नियमित व्यवस्था भी की गई है। समय-समय पर आने वाले प्रमुख त्योहारों पर श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन और भंडारे का आयोजन भी उनकी ओर से किया जाता है।
- **भ्रामक प्रचार पर विराम, सेवा ही परम धर्म-** हाल ही में कुछ लोगों द्वारा यहाँ दी जा रही सुविधाओं को लेकर भ्रामक बातें फैलाने और अपना स्वार्थ सिद्ध करने के प्रयास किए गए थे। इस विषय पर विराम लगाते हुए मंदिर से जुड़े जिम्मेदारों ने स्पष्ट किया है कि यहाँ की व्यवस्थाएं पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से और आपसी सहयोग से चल रही हैं।
- **जिम्मेदारों का कहना है-** अंगारेश्वर महादेव मंदिर पुजारी मनीष उपाध्याय ने कहा कि मंदिर पर देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुविधा के लिए निर्भय सिंह जी वर्षों से अपनी निजी जमीन पर पार्किंग और शौचालय जैसी सुविधाएं दे रहे हैं। यहाँ मंदिर समिति, पुजारी परिवार और समाजसेवी पटेल के आपसी सहयोग से सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है।
- गौशाला संचालक रविराज ग्वाला ने बताया कि यहाँ किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं है। निर्भय सिंह जी और पंचायत के सहयोग से साफ-सफाई और पानी की उत्तम व्यवस्था है। कुछ लोग गलत बातें फैलाते हैं, जो कि उचित नहीं है। यहाँ सेवा भाव सर्वोपरि है।
- समाजसेवी निर्भय सिंह पटेल लमसम ने कहा कि मेरा उद्देश्य केवल यही है कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। मैं अपनी पुश्तैनी जमीन पर यह सेवा कार्य आम जनता की सुविधा के लिए कर रहा हूँ और आगे भी करता रहूँगा।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज कॉलम

### बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई

**इंदौर।** शहर के ट्रैफिक को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस लगातार जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी कर रही है। इसी कड़ी में रोड एक्सीडेंट में सिर की चोटों से होने वाली मौतों को रोकने और लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट टू व्हीलर चलाकों के खिलाफ निरंतर जागरूकता और सख्त कार्रवाई जारी है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के पलासिया चौराहा, विजय नगर चौराहा, महूनाका चौराहा, चाणक्यपुरी चौराहा, राजीव गांधी सर्कल सहित अन्य चौराहों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है वहीं दूसरी तरफ अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों को यह भी बताया जा रहा है कि यह कार?वाई आपके हित में है ताकि आप हेलमेट के महत्व को समझे, रोड सुरक्षा नियमों का पालन करें और सड़क हादसों में होने वाले दुष्परिणामों से खुद को और दूसरों को बचाएं। शनिवार को सुबह से लेकर रात तक चले विशेष अभियान के दौरान कुल 1673 वाहन चालकों के खिलाफ हेलमेट नहीं लगाने पर कार्रवाई की गई। इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहने।

### बिहार के कृषि मंत्री ने महाकाल मंदिर में दर्शन किए

**उज्जैन।** बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने रविवार को उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर में तड़के भस्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने बाबा महाकाल से प्रदेश के किसानों की खुशहाली और देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। महाकाल दर्शन से पहले, मंत्री यादव शनिवार को मध्य प्रदेश के सीहोर पहुंचे थे। वहां उन्होंने आईसीएआरडीए में आयोजित दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लिया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ?93.75 करोड़ का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान, बिहार में दलहन पर एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के आग्रह पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने भी अपनी सहमति व्यक्त की। इस मिशन का उद्देश्य अगले 5 सालों में अरहर, चना, मसूर, उड़द और मूंग जैसी दलहनी फसलों को बढ़ावा देकर बिहार को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है।

### कलेक्टर ने घाट निर्माण और हरियाखेड़ी का निरीक्षण किया

`**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार दोपहर शनि मंदिर के नजदीक घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए स्थान का चयन करने हरियाखेड़ी का भ्रमण कर मौका मुआयना किया।

### बीआरटीएस हटने का आईबस पर असर

**इंदौर।** एबी रोड पर 11 किमी लंबा बीआरटीएस कॉरिडोर हटते ही शहर की लाइफलाइन मानी जाने वाली आई-बस सेवा गड़बड़ा गई है। मिक्स लेन में बसें चलने से बार-बार जाम में फंस रही हैं। स्थिति यह है कि 40 मिनट के सफर में करीब 65 मिनट लग रहे हैं। इसका असर यात्रियों की संख्या पर साफ नजर आ रहा है। यात्री 92 हजार से घटकर 55 हजार रह गए हैं। बसें भी 60 से 30 ही रह गई हैं। सबसे ज्यादा परेशानी प्रतिदिन सफर करने वाले कॉलेज स्टूडेंट्स को उठाना पड़ रही है। देरी के कारण कई बार वे समय पर कॉलेज नहीं पहुंच पाते हैं। वहीं बस स्टॉप हटने से यात्रियों को बीच सड़क पर खड़े रहकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। पीक ऑवर्स में चौराहों पर जाम की स्थिति बनती है। करीब 40 प्रतिशत यात्री संख्या कम होने से एआईसीटीएसएल के राजस्व को बड़ा झटका लगा है। बस स्टैंड पर बैठने की सुविधा नहीं होने से छात्र, बुजुर्ग और रोजाना सफर करने वाले सबसे ज्यादा परेशान हैं।

### ट्रैफिक सुधार के लिए डीसीपी ने बैठक की

**इंदौर।** इंदौर में राजवाड़ा की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर शनिवार रात डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने व्यापारियों, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा की। राजवाड़ा क्षेत्र में बेहतर ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था के लिए पुलिस और निगम अधिकारियों ने सराफा एसोसिएशन, शीतलामाता बाजार, बर्तन बाजार, कपड़ा बाजार, सीतलामाता बाजार, आड़ा बाजार, खजूरी बाजार, पुस्तक व्यापारी संघ, रहवासी संघ आदि के पदाधिकारियों और व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और सुझाव भी दिए।

### खजराना में मिला नाबालिग का शव

**इंदौर।** इंदौर के खजराना से लापता एक 14 वर्षीय नाबालिग समीर का शव रविवार दोपहर इलाके में ही मिला है। वह शनिवार शाम से लापता था। परिवार के लोगों ने रात में थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद से परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। खजराना पुलिस को सूचना मिली थी कि स्टार चौराहे के पास एक मैदान के नजदीक बने कुएं में एक शव पड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है।

---

#### भाजपा की गुटबाजी को रोकने के लिए संगठन की नजर

## हर विधानसभा में कार्यकर्ताओं को मनाने की कोशिश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भाजपा में चल रही अंदरूनी लड़ाई को कंट्रोल में लाने के लिए अब भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है, ताकि नगर निगम और विधानसभा चुनाव में किसी भी तरह से नुकसान न उठाना पड़ जाए, क्योंकि गुटीय लड़ाई कई दिनों से आगे बढ़ती जा रही है और विधानसभा में झंझट भी हो रही है।

ऐसी स्थिति को देखते हुए यह माना जा रहा है किआगे कहानी न बढ़ सके। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से हर विधानसभा में लड़ाई दिख रही है और कार्यकताओं के बीच भी मतभेद सामने आ रहा है, जिसके कारण गुटीय तालमेल बिगड़ गया है और लड़ाई भी बढ़ती दिख रही है।

एक नंबर में तो भले ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का दबदबा हो, लेकिन बाद में जिस तरीके से अंदरूनी सियासत पनप रही है, उससे संगठन के लोग चिंता में आ गए हैं। हालांकि विजयवर्गीय ने यहां पर स्थिति संभाल ही है, परन्तु विरोध करने वालों ने तरीके से खेल किया है। यहां पर तो विराम लग गया है, लेकिन दो नम्बर में अभी भी बगावत के सुर दिखाई देने लगे हैं। विधायक रमेश मेंदोला के खिलाफ जीतू चौधरी ने भी कई बार आवाज उठाई है और विवाद किया है, लेकिन अभी डैमेज कंट्रोल को रोकने के लिए संगठन ने तैयारी की है। ताकि कोई विवाद न हो सके। तीन नंबर में वैसे भी कई तरह के विवाद है और राजनीतिक लड़ाई चलती ही दिख रही है। ऐसे में विवाद की स्थिति और बढ़ सकती है। विधायक गोलू शुक्ला के साथ पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय और गोपी नेमा के समर्थकों का दबदबा दिखाई दे रहा है और यहां पर आमने सामने की स्थिति बन जाती है।

चार नंबर में भी विधायक मालिनी गौड़ के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव के समर्थकों के बीच विवाद की स्थिति बन जाती है और ऐसे में यहां पर संगठन चिंतित हो गया है। पांच नंबर में विधायक महेंद्र हार्डिया के खिलाफ भी विधानसभा चुनाव से ही बगावती सुर दिखाई दे रहा है।

### टिकट को लेकर सवाल खड़े

किए गए थे, लेकिन बाद में टिकट नहीं मिला और वह रिकार्ड तोड़ मतों से चुनाव जीत भी गए। ऐसी स्थिति में उनकी ताकत भी सामने आ गई। राऊ में जीतू जिराती और विधायक मधु वर्मा के बीच भी अनबन सामने आती रही है और अब इन सब गुटबाजी को देखते हुए भाजपा ने मंथन शुरू कर दिया है,क्योंकि अगले साल नगर निगम चुनाव है और पार्टी को वापस वापसी करना है। दो साल बाद विधानसभा चुनाव है। इसके लिए कोशिश की जा रही है कि संगठन में कोई विरोध न हो और तालमेल बना रहे। इसलिए संगठन के जिम्मेदारों को मैदान में उतार दिया है और वह हर विधानसभा पर नजर भी रखे हैं, ताकि झंझट न हो सके।

---

#### भाजपा संगठन भी हार मानने की कगार पर जिसके चलते 2 साल से

## आपसी खींचतान में उलझ रही आईडीए अध्यक्ष की कुर्सी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

नगर प्रतिनिधि आईडीए अध्यक्ष की कुर्सी का फैसला सत्ता में आने के दो साल बाद भी नहीं हो पाया है। दिग्गजों के बीच कहानी उलझ गई है और इसी कारण से एक-दूसरे के समर्थक को बनने नहीं दिया जा रहा है।

शिवराजसिंह चौहान जब मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने जयपालसिंह चावड़ा को आईडीए अध्यक्ष बनवा दिया था। चावड़ा इंदौर के संगठन मंत्री थे। जैसे ही 2023 के चुनाव हुए और शिवराजसिंह चौहान की मुख्यमंत्री पद से विदाई हुई, तो मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया गया और कैलाश विजयवर्गीय को मंत्री, विजयवर्गीय के मंत्री बनते ही

**दिग्गजों के बीच कहानी उलझ गई है और इसी कारण से एक-दूसरे के समर्थक को बनने नहीं दिया जा रहा है**

जयपालसिंह चावड़ा की सबसे पहले रवानगी हुई, क्योंकि उस गुट से चावड़ा की बनती नहीं थी। मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद ये माना जा रहा था कि आईडीए अध्यक्ष का फैसला भी जल्दी हो जाएगा, लेकिन कहानी उलझ गई है। ऐसे में मुख्यमंत्री ही इंदौर के प्रभारी भी बन गए। यहां से दो मंत्री हैं, जिसमें कैलाश विजयवर्गीय और तुलसी सिलावट शामिल हैं।

### तालमेल के बाद भी फैसला नहीं हो पा रहा

तीन दिग्गजों के बीच कुर्सी का फैसला अटक गया है। सरकार को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं और उसके बावजूद भी निर्णय नहीं हो पा रहा है। कहानी ये है कि संगठन और सत्ता में तालमेल के बाद भी फैसला नहीं हो पा रहा है। हर कोई इस कुर्सी के लिए जोर-आजमाइश कर रहा है। पुराने नेताओं में पूर्व विधायक गोपी नेमा, सुदर्शन गुप्ता और जीतू जिराती लगे हुए हैं। जीतू जिराती का दावा मजबूत दिख रहा है, क्योंकि उन्हें विधानसभा का टिकट भी नहीं मिला था। संगठन में भी उन्होंने अच्छा काम किया है। गोपी नेमा नगर अध्यक्ष रह चुके हैं और गुप्ता भी। युवा नेताओं में टीनू जैन का दावा भी प्रबल माना जा रहा है।

### आईडीए अध्यक्ष की कुर्सी की आस

एक नंबर से विधानसभा का टिकट मांगा था, लेकिन यहां विजयवर्गीय को मौका मिल गया। फिर नगर अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हुए, तो यहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी। अब आईडीए अध्यक्ष की कुर्सी की आस है। दूसरा नाम मोहित वर्मा का भी है, जो पहले उपाध्यक्ष रह चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर की अगुवाई में वो कोशिश कर रहे हैं। नानूराम कुमावत और मुकेश राजावत का नाम भी दौड़ रहा है। देखना है कि लाटरी किसकी लगती है।

---

#### अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक

## विकास कार्यों की अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग करें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग करें। विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय को बचाएं और कार्य को समय पर पूर्ण करें।

योजना के अनुसार सिंहस्थ 2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अधोसंरचना विकास कार्य किए जा रहे हैं। समीक्षा बैठक के दौरान नगर निगम के माध्यम से ग्राम हरियाखेडी में वाटर सप्लाय प्लांट के कार्य को लेकर कलेक्टर सिंह ने वाटर सप्लाई के लिए बनने वाले इनटेक वेल की डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने विभिन्न कार्यों के लिए अगली बैठक में प्रोग्रेस रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि नगर निगम द्वारा निमार्णाधीन एमआर 21 मार्ग में नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। बिजली के खंबे लगाने का कार्य भी प्रगतिरत है। इसी तरह नगर निगम के माध्यम से किए जा रहे मंछामन मार्ग, डीमार्ट इंदौर रोड, गाडी अड्डा से बड़ा पुल मार्ग, हामूखेडी मार्ग और रविशंकर नगर के निमार्णाधीन मार्ग पर कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रविशंकर नगर में बनने वाले मार्ग के कार्यों की गति बढ़ाएं। यह मार्ग महाकाल मंदिर जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है इसलिए शीघ्र कार्य पूर्ण करें।

---

#### निर्धारित डेडलाइन में पूरी नहीं हो पाई

## एकल नल जल योजनाएं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी एकल नल जल योजनाएं निर्धारित डेडलाइन में पूरी नहीं हो पाई हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने एकल नल जल योजनाओं का काम पूरा करने की समय सीमा 31 दिसंबर, 2025 निर्धारित की थी। काम पूरा नहीं होने से अब इसकी नई अवधि बढ़ाकर 31 मार्च, 2026 तय की गई है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक प्रदेश में एकल नल जल योजनाओं का काम 95 प्रतिशत पूरा हो गया है। फरवरी और मार्च में शेष 5 प्रतिशत काम पूरा करने की चुनौती लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सामने है। पीएचई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उज्जैन संभाग के सभी 7 जिलों को हर घर जल प्रमाणित घोषित करने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इन जिलों में उज्जैन, देवास, रतलाम, आगर मालवा, शाजापुर, मंदसौर और नीमच शामिल हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव की हरी झंडी मिलते ही इन जिलों को हर घर जल प्रमाणित जिला घोषित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि देशभर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक व्यक्तिगत नल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य समय पर पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण 2024 की मूल समय सीमा को बढ़ाकर अब दिसंबर 2028 कर दिया गया है। देश के कई राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में नल लग गए हैं, लेकिन पानी की आपूर्ति अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जिससे यह महत्वाकांक्षी योजना कई जगहों पर पिछड़ती दिख रही है। मप्र में जल जीवन मिशन के तहत 51 हजार से ज्यादा गांवों में नल से जल की सप्लाई की जानी है।

### नल जल योजनाओं की कुल संख्या 147

जल जीवन मिशन में दो तरह की योजनाओं (एकल नल जल और समूह नल जल) पर काम चल रहा है। प्रदेश में एकल नल जल योजनाओं की संख्या 28 हजार से ज्यादा है, जबकि समूह नल जल योजनाओं की कुल संख्या 147 है। समूह नल जल योजनाओं का करीब 67 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। जल स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने के कारण समूह नल जल योजनाओं के काम में देरी हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में जल जीवन मिशन के काम में अलग-अलग तरह की बाधाएं सामने आ रही थीं। कहीं राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण काम प्रभावित हुआ, तो कहीं स्थानीय लोगों ने काम में रुकावट डाली। इसके अलावा कई स्थानों पर ठेकेदारों की लापरवाही से भी काम में देरी हुई। चीजों में सुधार करने के बाद काम की गति बढ़ गई है।

---

## 6.5 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनेगा

### 350 करोड़ की लागत से पुरानी मंजूर डिजाइन के अनुसार ही होगा कार्य, मिट्टी की टेस्टिंग जारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में शनिवार को एक अहम बैठक हुई। बैठक में मेयर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित इंदौर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में इंदौर शहर में प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि एलआईजी चौराहे से नौलखा तक लगभग 6.5 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का काम शुरू हो चुका है और फिलहाल मिट्टी की जांच (सॉयल टेस्टिंग) की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 15 फरवरी से कॉरिडोर के फाउंडेशन का काम शुरू किया जाएगा।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और प्रोजेक्ट को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया।

मेयर ने बताया कि यह एलिवेटेड कॉरिडोर लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट पिछले चार सालों से अटका हुआ था, जिसे अब पुरानी स्वीकृत डिजाइन के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है। शहरवासियों को उम्मीद है कि एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण से प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

---

## मालवा की काली मिट्टी में जिंक की कमी


### पी एच मान थोडा क्षारीय, आयरन की भी कमी, मिट्टी के लिए उपयुक्त पूसा तेजस गेंहू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ राहुल शुक्ल, उज्जैन**

आधुनिक तकनीक के इस युग मे किसानों के लिए विज्ञान ने कई सौगात दी हैं जिनमे से एक प्रमुख सौगात है -- मिनी लैब। एक छोटा सा उपकरण जो मिट्टी की गुणवत्ता को परखकर, कुछ ही समय मे परिणाम पेश कर देता है। ये विशेष उपकरण मिट्टी के सैंपल की जांच कर उसमे मौजूद विभिन्न पोषक तत्व व मिट्टी का पी एच मान तक बता देता है। शहर की मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला मे वैसे तो कृषि क्षेत्र की मिट्टी का सूक्ष्म परीक्षण, अलग अलग ढंग से केमिस्ट करते हैं किन्तु समय बचाने के उद्देश्य से एक छोटा उपकरण जिसे मिनी लैब कहते हैं , सभी आंकडे प्रस्तुत कर देता है ।

**उपयोग जानकारी जो देता है मिनी लैब-** मिट्टी के चौदह पेरामीटर्स की जानकारी देता है मिनी लैब जैसे नाइट्रोजन , फास्फोरस, पोटेशियम ,आर्गेनिक कार्बन,कॉपर, सल्फर, बोरोन, जिंक ,आयरन,मैंगनीज, पी एच मान आदि। इसमे इनबिल्ड थर्मल प्रिंटर होता है और ये एक डिजीटल उपकरण है। मिट्टी के नमूने की जांच कर ये थोडे समय बादआंकडे प्रस्तुत कर देता है।

**क्षेत्र की मिट्टी मे जिंक व आयरन की कमी-** मालवा की काली मिट्टी वैसे तो बहुत ही उपजाऊ रही है और इस मिट्टी की जल धारण क्षमता भी अच्छी बनी हुई है फिर भी समय के साथ कुछ पोषक तत्वों की कमी बनी हुई है। हमारे क्षेत्र की मिट्टी मे कार्बनिक तत्व, जिंक व आयरन जै की कमी है। मालवा की मिट्टी के विभिन्न सैंपल की जांच व विश्लेषण करने पर निम्न लिखित तत्वों की कमी देखी गई है। मालवा के कुछ क्षेत्रो मे काली मिट्टी मे वाटर लोगिंग ( पानी रूकता) होता है। पानी के ठहराव से आयरन की कमी बढ जाती है।



| तत्व का नाम | कमी (%मे ) |
|---|---|
| 1 जिंक | 40 से 50%% |
| 2 आयरन | 40 से 45%% |
| 3 बोरोन | 15 से 20%% |
| 4 कॉपर | 1%% |
| 5 मैंगनीज | 1% |

**जिंक की कमी वाली मिट्टी की फसल-** जिंक की कमी होने पर इन फसल की अनुशंसा कृषि वैज्ञानिक करते हैं : हल्का अनाज ओट्स, लहसुन, सूरजमुखी,गेंहू की उन्नत प्रजाति पूसा तेजस , बारी गोम- 26, बारी गोम - 28, जिंकोल - 16।

**मृदापरीक्षण प्रयोगशाला मे सुविधा-** हमारे शहर मे कोठी पैलेस के पास शासकीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला मे किसानों के लिए मिट्टी की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। प्रयोगशाला के कुशल कार्यकर्ता एक विशेष पद्धति से कृषि क्षेत्र के नमूने एकत्र करते हैं फिर प्रयोगशाला मे कैमिस्ट उस मिट्टी के सैंपल की जांच बारीकी से करते हैं। यहां डिजीटल मिनी लैब मशीन भी है जो आई सी ए आर द्वारा प्रमाणित मशीन है । इसमे बारह से चौदह पेरामीटर्स पर मिट्टी की जांच होती है। प्रयोगशाला मे फ्लेमिंग फोटोमीटर है जो पोटाश की गणना करता है।

---

#### 12 फरवरी से शुरू होगा विक्रमोत्सव

## 139 दिन चलेगा आयोजन, चार हजार कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ 12 फरवरी को होगा। 30 जून तक चलने वाला 139 दिवसीय यह आयोजन सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का एक अनूठा उत्सव होगा। इसके तहत एक करोड़ एक लाख रुपये की राशि का सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण भी स्थापित किया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभूति को दिया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर संगीतकार प्रीतम शिवोऽहम महादेव की आराधना प्रस्तुत करेंगे। द्वितीय चरण में 19 मार्च से 30 जून तक जलगंगा संवर्धन अभियान चलेगा, जिसमें 41 से अधिक गतिविधियों में चार हजार से अधिक कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। यह जानकारी संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने दी।

मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने कहा कि महोत्सव में देव महादेव पर्व के तहत महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेश के 60 से अधिक प्रमुख शिव मंदिरों में मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मंदिरों की साज सज्जा, साफ-सफाई एवं सांस्कृतिक गतिविधियां प्रमुख हैं। निर्देशक ने बताया कि पौराणिक फिल्मों का अंतराष्ट्रीय महोत्सव 13 से 17 मार्च तक उज्जैन में होना है, जिसमें 25 से अधिक देश शामिल हो रहे हैं। समारोह में अंग्रेजी, फ्रेंच, हिबरू, रशियन, स्पेनिश, अइसलेंदीक, इटेलियन, डच, मंगोलियन, फिजियन, इंडोनेशियन, अफ्रीकन, नाइजीरियन, सिंहली, ग्रीक, भाषाओं की 25 से अधिक फिल्मों का प्रदर्शन होगा।

- महाभारत पर केंद्रित फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग की महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ ने विक्रमादित्य की स्मृति को सुरक्षित रखने तथा उनके शौर्य, औदार्य, न्यायप्रियता तथा धर्म एवं प्रजावत्सल गुणों को समाज में पुनःस्थापित करने की दृष्टि से एक करोड़ एक लाख रुपये का अंतरराष्ट्रीय सम्मान स्थापित किया गया है।
- यह देश का सबसे बड़ा सम्मान होगा, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। इसके अलावा सम्राट विक्रमादित्य के नाम से 21 लाख रुपये का राष्ट्रीय सम्मान व पांच-पांच लाख रुपये राशि के तीन राज्य स्तरीय सम्मान स्थापित किए हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वालों का चयन समिति करेगी।

# नेपा लिमिटेड में छात्र छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण कर जिले की गौरवशाली औद्योगिक विरासत को नजदीक से जाना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर





केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित एशिया महादीप की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी एवं शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरीरपुरा के छात्र छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण कर जिले की गौरवशाली औद्योगिक विरासत को नजदीक से जाना।

इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड के प्रशासकीय, तकनीकी एवं उत्पादन संबंधी विविध पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रशासकीय भवन में जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बताया कि नेपा लिमिटेड भारतीय उपमहादीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात एक ऐतिहासिक औद्योगिक इकाई है, जो वर्षों से न केवल स्थानीय क्षेत्रवासियों बल्कि इतिहास, अभियांत्रिकी और अनुसंधान से जुड़े विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से शिक्षा क्षेत्र में अनेक कौशल विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत नेपा लिमिटेड बुरहानपुर जिले की एक महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाई है, जहां वर्षभर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलिटेक्निक एवं अभियांत्रिकी की विभिन्न शाखाओं के प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

मिल में औद्योगिक भ्रमण के दौरान आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने छात्र छात्राओं को सूचना प्रौद्योगिकी और संगणक प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान साझा किया। कारखाना परिसर में सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार एवं अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों का परिचय देते हुए आकस्मिक अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के उपाय समझाए। डी इंकिंग संयंत्र में विभागाध्यक्ष देवेंद्र महोबे ने कच्चे माल से कागज के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। वहीं पेपर मशीन विभाग के प्रबंधक कुमार देशमुख और उप प्रबंधक विजय भामरे ने कागज निर्माण की पूरी प्रक्रिया से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। विद्यार्थियों ने कागज के जीएसएम की परिभाषा और उसके महत्व को भी पहली बार व्यावहारिक रूप से जाना। इस अवसर पर नेपा लिमिटेड की ओर से ईशान व्यास, संदीप कुमार माले, विनय बाथव, छगन सोनी, गिरीश वर्मा, खेमसिंह राठौर तो वहीं शालाओं की ओर से उच्चतर माध्यमिक शिक्षक भारती काजवे, जालमसिंह सोलंकी, गोपाल महाजन, आरती शुक्ला, मोहम्मद जिया, गुलाम खान एवं अलीशा बख्श मौजूद रहे। औद्योगिक भ्रमण से उत्साहित विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड की कार्य प्रणाली, तकनीकी दक्षता और ऐतिहासिक महत्व को करीब से समझने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## न्यूज-कॉलम



### साईधाम के स्थापना दिवस पर दाल बाटी का विशाल भंडारा आयोजन हुआ

**खंडवा।** रामेश्वर नगर के मां नवचंडी देवी धाम गेट स्थित सांई धाम मंदिर में 13 वे स्थापना दिवस पर दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक आयोजन के तहत भजन संध्या एवं विशाल भंडारा आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य यजमान के रूप में महेंद्र अनुराधा सांडले, कान्हा शैलजा गीते उपस्थित थे। यह जानकारी देते हुए सांई भक्त गुरूचरनसिंह सलूजा एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर क्षेत्रवासी सांई भक्तों के सहयोग से शुकवार 6 फरवरी को शाम 6 बजे से महिला मंडल की मातृशक्ति व्दारा सुंदर काण्ड का सामुहिक वाचन एवं साईं भजनों की सुंदर संगीतमय प्रस्तुतियां हुई। इस दौरान एक विशाल केक काटा जाकर स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य दिवस शनिवार को प्रातः 6 बजे सांई बाबा की मूर्ति का पंचामृत स्नान हुआ। प्रातः 10 बजे पंडित अतुल गांवशिंदे के गगनभेदी वेदिक मत्रों के मध्य हवन यज्ञ पश्चात दोपहर 12 बजे महाआरती हुई। तत्पश्चात दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें शहर भर के सांई भक्तों ने उपस्थित होकर दाल बाटी, लड्डू मिठाई, रायता, वैज चावल प्रसादी ग्रहण की।

### महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर नंद विहार कॉलोनी में हुई समिति की बैठक

**खंडवा।**महाशिवरात्रि पर्व को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से मनाने के उद्देश्य से विगत दिनों नंद विहार कॉलोनी में कॉलोनी समिति की बैठक आयोजित की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया महाशिवरात्रि के पर्व पर ओंकारेश्वर तीर्थ के साथ ही पूरे जिले के शिवालयों में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे। नंद विहार कॉलोनी शिव मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों को लेकर बैठक में समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि महोत्सव के आयोजन को लेकर अहम निर्णय लेते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं समय-सारिणी तय की। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नंद विहार कॉलोनी स्थित श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः 8 बजे मंगल आरती की जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक जलाभिषेक संपन्न होगा। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक दंपत्तियों द्वारा विशेष अभिषेक कराया जाएगा। इसी दौरान दोपहर 12 बजे से फरियाली प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### श्री कटलरी एसोसिएशन की साधारण सभा संपन्न



**खंडवा।** श्री कटलरी एसोसिएशन की साधारण सभा श्री झूलेलाल मंदिर परिसर सिंधी कॉलोनी में संपन्न हुई।कई विषयों पर विचार मंथन हुआ।सचिव जयरामदास खेमानी ने बताया कि अध्यक्ष भीमनदास जीवनानी ने होली और रंगपंचमी के अवकाश के मद्देनजर सांस्कृतिक यात्रा का सुझाव दिया, जो सर्व सहमति से पारित किया गया। खजुराहो यात्रा को सहमति मिली।इस यात्रा हेतु चार सदस्यीय समिति भी बनाई गई, जिसमें किशोर हरचंदानी,दिलीप आर्य,सोनू लालवानी और मेघराज चंदवानी लिए गए।सभा समापन से पूर्व सिंधी समाज के अध्यक्ष और कटलरी एसोसिएशन के संरक्षक गेहीराम सीतलानी को श्रद्धांजलि दी गई। इस बैठक में भीमनदास जीवनानी, गोपाल दास पमनानी,लेखराज हेमवानी,प्रकाश आहूजा, जयरामदास खेमानी,जेठानंद हरचंदानी,दिलीप पिंजानी,किशोर हरचंदानी, किशनचंद पारवानी,मेघराज चंदवानी,दीपक आर्य, अशोक कुमार दुल्हानी,दिलीप आर्य,लक्ष्मण पारवानी,अशोक कुमार पारवानी,सोनू लालवानी,किशोर रेवतानी और मनोनीत सदस्य कमल नागपाल आदि उपस्थित रहे। संचालन जयरामदास खेमानी ने किया और आभार मनोनीत प्रवक्ता कमल नागपाल ने व्यक्त किया।

### जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय मॉडल एवं श्रमोदय विद्यालय की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का हुआ आयोजन



**बड़वानी ।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूल व श्रमोदय सयुक्त चयन प्रवेश परीक्षा का आयोजन 8 फरवरी रविवार को किया गया। परीक्षा में बड़वानी जिले में कुल 12 परीक्षा केन्द्र में दर्ज 3281 में से 3010 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए । वहीं 271 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला समन्वय संस्था शा. ई.एफ.ए. उत्कृष्ट उमावि क्र.1 बड़वानी प्राचार्य अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा नवीन सत्र 2026-27 में जिलास्तरीय उत्कृष्ट उमावि क्र.1 बड़वानी 9वी, विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूल तथा श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6टी से 9वीं तक में प्रवेश के लिए म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित कराई जा रही है।

### अन्य प्रांतो से भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दादाजी को किया नमन

**खंडवा।** बड़े दादाजी के शीष्य छोटे दादा जी हरिहर भोले भगवान की बरसी के अवसर पर दादाजी धाम में उत्सव मनाया गया। हजारों की संख्या में भक्तों ने दादाजी धाम पहुंचकर बड़े दादा जी, छोटे दादा जी के दर्शन कर नमन किया एवं सभी के कल्याण हेतु धुनी माई में आहुति पेश की। शुक्रवार को दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की छोटे दादा जी की पुण्यतिथि के दिन शुक्रवार को महाराष्ट्र व गुजरात व अन्य प्रांतो से आए हजारों श्रद्धालुओं ने समाधि पर शीश नवाये। छोटे दादा जी बड़े दादा जी के परम शिष्य थे और दादाजी आश्रम की व्यवस्था संभाले थे।

## अवार्चीन स्कूल का गौरवशाली दशक पूर्ण, स्थापना दिवस व प्री-प्राइमरी ग्रेजुएशन डे पर शिक्षा, संस्कार और नवाचार का उत्सव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



अवार्चीन स्कूल ने अपना 10वां स्थापना दिवस और प्री-प्राइमरी ग्रेजुएशन डे मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय की 10 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं का जीवंत उदाहरण बना।

कार्यक्रम की शुरूआत पालकों के स्वागत, मंच परिचय एवं विद्यालय की विकास यात्रा के संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण के साथ हुई। विद्यालय प्रशासक सुनील पाटिल ने वर्ष 2016 से 2026 तक के 10 वर्षों के सफर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे अवार्चीन स्कूल ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

दीप प्रज्वलन एवं अतिथि सम्मान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, प्रोफेसर बृजमोहन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंस महाविद्यालय के डायरेक्टर अनिल जैन, संस्था की अध्यक्ष श्रीमती राखी मिश्रा एवं डायरेक्टर अमित मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षकगण, पालक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल ने अवार्चीन स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, खेलकूद और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है, जो बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

संस्था की अध्यक्ष श्रीमती राखी मिश्रा द्वारा दिया गया स्वागत उद्बोधन। उन्होंने विद्यालय की स्थापना के प्रारंभिक वर्षों के संघर्ष, चुनौतियों एवं निरंतर परिश्रम की यात्रा को साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रथम वर्ष में अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने वाले पालकों का सहयोग और विश्वास ही आज विद्यालय की सफलता का आधार बना है।

विद्यालय के डायरेक्टर अमित मिश्रा ने पालकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में सभी कक्षाओं को टेक्नो-फ्रेंडली बनाया जाएगा, रोबोटिक लैब की स्थापना की जाएगी, स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल लर्निंग संसाधनों को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे विद्यार्थी आधुनिक तकनीकी युग के अनुरूप शिक्षा प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इंटरनेशनल एजुकेशन ओलंपियाड में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, वहीं अनुव्रत फाउंडेशन द्वारा आयोजित गीत गायन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को जीवंत बना दिया। नन्हे बच्चों की नृत्य, गीत और मंच प्रस्तुति ने उपस्थित पालकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों के आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिभा ने विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता और संस्कार आधारित शिक्षा प्रणाली का परिचय कराया।

## खेत के कुएं पर चल रही ड्रग फैक्ट्री का पदार्फाश, एमडी बनाते दो आरोपी गिरफ्तार

**छाछ बनाने की मशीन से बनाया जा रहा था नशा**

**मन्दसौर।** थाना गरोठ पुलिस ने ग्राम सुरजना में एक खेत पर दबिश देकर अवैध रूप से एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में रसायनों का मिश्रण, तैयार ड्रग्स और ड्रग्स बनाने के आधुनिक उपकरण जप्त किए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सुरजना में एक खेत के कुएं पर अवैध गतिविधियां चल रही हैं। सूचना पर थाना प्रभारी हरीश मालवीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जब मौके पर दबिश दी, तो नजारा चौंकाने वाला था। वहां दो व्यक्ति स्टील के घड़े में तीव्र गंध वाले रसायनों के मिश्रण को छाछ बनाने की मशीन से बिलोकर एमडी ड्रग्स तैयार कर रहे थे। पुलिस ने मौके से घेराबंदी कर दो आरोपियों दीपक (32) पिता राधेश्याम सिकलीगर, निवासी सुरजना व सुमित (19) पिता राजाराम सिकलीगर, निवासी सुरजना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 102 ग्राम शुद्ध तैयार एमडी ड्रग्स, 12 किलो 610 ग्राम रसायनों का गाढ़ा मिश्रण (जिससे एमडी बनाई जा रही थी), 3 किलो 540 ग्राम पारदर्शी तरल पदार्थ और 680 ग्राम सफेद केमिकल पाउडर सहित उपकरण सेंट्रीफ्यूज मशीन, गैस सिलेंडर, चूल्हा-भट्टी, स्टील के बर्तन, बिजली के तार और दो एंड्रॉइड मोबाइल जप्त किये। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना गरोठ पर अपराध क्रमांक 50/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 22, 29 और 30 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

## सुनील वाघ ने किया बजट पर चर्चा, वीबी जी राम जी पर हुआ मंथन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा बजट पर चर्चा एवं वीबीजी राम जी विषयक जिला स्तरीय कार्यक्रम नेपानगर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। राम जी पर चर्चा में पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील वाघ ने अध्यक्षता की।

सुनील वाघ ने अपने स्वागत भाषण में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मजबूती से रखा। बजट हेतु जिला संयोजक राजेश चौहान ने वीबीजी राम जी पर विस्तृत एवं तथ्यपरक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए सुयश महेश्वरी ने बजट के प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दूरदर्शी विजन को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह बजट आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध भारत की नींव रखता है।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गजानन यादव, जिला मंत्री विक्रम चौहान, प्रकाश लॉड, कार्यालय मंत्री करण प्रजापति, मंडल अध्यक्ष शिथिज महाजन, कर सलाहकार भगीरथ प्रजापति, गजेंद्र वर्मा, प्रदीप कसेरा, शंकर चौहान, मनोज महेश्वरी, श्रीमती छाया गुडगे, ललित चौहान, अमर सिंह पवार, दौलत कोले और युवराज काका सहित व्यापारी वर्ग, कृषक बंधु, भाजपा कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत सफल, प्रेरणादायी एवं संगठन को नई ऊर्जा देने वाला रहा।

## अवैध गतिविधियों के विरुद्ध बड़वानी पुलिस का जीरो टॉलरेंस अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले में प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में अवैध गतिविधियों–विशेषकर जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब–के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दिनांक 7 फरवरी को विशेष अभियान चलाकर व्यापक एवं प्रभावी कार्रवाई की गई।

इस अभियान में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारियों के मार्ग दर्शन तथा समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन कर जिलेभर में एक साथ दबिश दी गई और अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जुआ एवं सट्टा के कुल 18 प्रकरणों में 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से ताश के पत्ते, सट्टा उपकरण, सट्टा पर्चियां एवं कुल लगभग 21,595 नगद जप्त किए गए।

इस कार्रवाई में थाना निवाली, पाटी, पानसेमल, सेंधवा ग्रामीण, ठीकरी, नागलवाड़ी, बड़वानी, राजपुर, सेंधवा शहर, वरला एवं अंजड़ थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई की गई।

अवैध शराब के विरुद्ध 4 प्रकरणों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना पानसेमल एवं सेंधवा ग्रामीण द्वारा कुल 22 लीटर 420 एमएल अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3,250 है। अभियान के अंतर्गत–कुल 22 प्रकरण 26 आरोपी गिरफ्तार कुल 24,845 नगद एवं सामग्री (ताश के पत्ते, सट्टा उपकरण, सट्टा पर्ची जब्त की।

## जिले में निर्मित तालाबों एवं नहरों के निरीक्षण हेतु विभागीय अधिकारियों का भ्रमण कार्यक्रम जारी

बड़वानी। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में, जल संसाधन विभाग बड़वानी द्वारा संभाग के अंतर्गत निर्मित तालाबों और नहरों के सघन निरीक्षण हेतु एक विस्तृत भ्रमण दौरा कार्यक्रम जारी किया गया है। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य रबी सीजन के दौरान नहरों से सुचारू रूप से जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, सिंचाई क्षेत्र के अंतिम छोर तक पानी पहुँचाना और कृषकों की सिंचाई संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। निरीक्षण अवधि दिनांक १० फरवरी २०२६ से शुरू होकर २८ अप्रैल २०२६ तक चलेगा। इसके अंतर्गत बड़वानी जिले की विभिन्न तहसीलों जैसे सेंधवा, पानसेमल, ठीकरी, राजपुर, निवाली और वरला के दर्जनों गांवों और जलाशयों का निरीक्षण किया जाएगा।भ्रमण हेतु कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## चर्मकार समाज के बंधुओ ने विधायक कंचन मुकेश तनवे का किया स्वागत अभिनंदन

खंडवा। क्षेत्र की जनता के मतों से चुने हुए जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है कि अपने क्षेत्र के विकास के साथ क्षेत्र की जनता के सुख दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधायक कंचन मुकेश तनवे एक और जहां क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय होकर कार्य कर रही है, साथ ही क्षेत्र के विकास को लेकर में भोपाल में मुख्यमंत्री से लेकर अलग-अलग विभागों के मंत्रियों से भी मुलाकात कर क्षेत्र के विकास मैं सहयोगी की भूमिका निभा रही है। चर्मकार समाज के पदाधिकारीयो ने विधायक के समक्ष चर्मकार बंधुओ के लिए गुमटी का अनुरोध किया तो उन्होंने तत्काल विधायक नीधी से 22 गुमटीया बनवाकर संत रविदास जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम के तहत चर्मकार बंधुओ को सोंपी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शनिवार को विधायक कार्यालय में चर्मकार समाज के प्रतिनिधियों द्वारा खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे एवं विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे का आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया।

## थाना हरसूद पुलिस नें 2 चोरी की घटनाओ का २४ घण्टो के अन्दर किया खुलासा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा




पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निदेर्शानुसार अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं अनुविभागीय अधिकारी हरसूद के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी हरसूद निरीक्षक राजकुमार राठौर द्वारा अपने स्टाफ की सहायता से मशरुका जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

दिनाँक 6 फरवरी 25 फरियादी दुर्गा पिता रामचरण अरवर उम्र 52 साल निवासी से.नं. 7 नया हरसूद ने रिपोर्ट किया कि फरियादी की हीरो पैशन प्रो मोटरसाईकल (कीमती करीबन 50 हजार रुपये) को कोई अज्ञात बदमाश कमल खण्डेलवाल की दुकान के सामने मेन रोड छनेरा से चुराकर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना हरसूद पर अपराध क्रमांक 30/26 धारा 303 (2) बी.एन.एस. 2026 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पश्चात दिनांक 6 फरवरी को ही अन्य फरियादी संतोष पिता हीरालाल प्रजापति जाति कुम्हार उम्र 45 साल नि. वार्ड नं. 10 छनेरा ने रिपोर्ट किया कि, फरियादी की बडी लोहे की पुरानी इस्तेमाली नीले रंग की कटर मशीन (कीमती करीबन 15 हजार रू. की) महावीर इलेक्ट्रिक की दुकान के साईड मे वर्धमान मेडीकल वाले राजू वर्धमान के खाली प्लाट पर से किसी अज्ञात बदमाश द्वारा चोरी कर ली गयी है। फरि. की रिपोर्ट पर से थाना हरसूद पर अपराध क्रमांक 31/26 धारा 303 (2) बी.एन.एस. 2026 का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

दोनोएफ.आई.आर. होने के पश्चात अज्ञात चोर की तलाश पतारसी हेतु तत्काल हरसूद थाना प्रभारी निरी. राजकुमार राठोर द्वारा पुलिस टीम प्रआर. 652 वीरसिंह राजपूत, प्रआर. 351 शिवशंकर उपाध्याय, आर. 123 भगवान की टीम गठित की गयी।

अज्ञात आरोपी की तलाश करते क्षेत्र मे लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया गया जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति जिसका हुलिया रंग काला-सांवला, सफेद टी शर्ट पहने हुये, लाल रंग के बाल वाला व्यक्ति दिखाई दे रहा था जिसकी तलाश क्षेत्र मे करते हुए दिनाँक 7 फरवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त हुलिये का एक व्यक्ति भैरो चौक हरसूद के पास दिखाई दिया है जो मोटरसाईकल पर बैठा है। मुखबीर सूचना पर उक्त पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को पकडा जिसने अपना नाम गौरव पिता कपूरचंद जाति ओझा उम्र 21 साल नि. वार्ड क्र. 12 छनेरा का होना बताया जिससे हिकमत अमली से पूछताछ करते दोनो की घटनाओ को करना स्वीकार किया गया। जिसके कब्जे से उक्त चोरी गयी हीरो होण्डा पैशन प्रो मोटर साईकल एवं चोरी गयी लोहे काटने की कटर मशीन को जप्त कर आरोपीयों को माननीय न्यायालय हरसूद पेश किया गया, जहाँ से जेल वारंट प्राप्त पर जिला जेल खंडवा दाखिल किया गया। सराहनीय भूमिकाः- थाना प्रभारी हरसूद निरीक्षक राजकुमार राठौर, प्रआर. 652 वीरसिंह राजपूत, प्रआर. 351 शिवशंकर उपाध्याय, प्रआर. 469 मंगलसिंह चौहान, आर. 123 भगवान, आर. 101 अनिल मेहरा, आर. 494 रामविलास बामने की सराहनीय भूमिका रही है।

# आपको भी प्रसिद्ध बना सकता है यह महामंत्र, करें यह काम



संत नूरी चोटी के सूफी संत हुए। उनके गुरु थे संत जुनैद बगदादी। कहते हैं संत नूरी ने पूरे जीवन इतनी तपस्या की कि उनके गुरु भी उनसे पीछे रह गए। फिर भी संत नूरी को लगता था कि उनकी तपस्या में कुछ अधूरापन है। जब उन्होंने खुद में बार-बार झांका तब उन्हें एहसास हुआ कि उनकी ज्ञानेंद्रियां (नफ्स) उनके वश से बाहर है। किसी न किसी बात पर वह उनके आड़े आ जाती है। संत नूरी ने अपनी इस कमी को देखकर इसे बड़े परिश्रम और त्याग से दूर किया। नफ्स पर नियंत्रण पाने के बाद एक रोज वह नदी किनारे पहुंचे। उन्होंने मछली पकड़ने के लिए नदी में छड़ी डाली और तय किया, जब तक मछली न फंस जाए, वह वहीं खड़े प्रार्थना करते रहेंगे। जब मछली फंस गई तब वह खुशी से संत जुनैद के पास पहुंचे। संत जुनैद को उन्होंने नफ्स पर नियंत्रण और प्रार्थना मात्र से मछली पकड़ने का किस्सा सुनाया। संत जुनैद मुस्कराए और बोले, ए नूरी! जिसे तुम नियंत्रण कह रहे हो, वह भ्रम है। अगर तुमने मछली की जगह सांप के फंसने की प्रार्थना की होती, तब नफ्स काबू में होता। तुम्हारी प्रार्थना में तुम्हारी जुबान का जायका दाखिल हो गया। जैसे ही जायका आया, नफ्स खुद ब खुद उठ खड़ी हुई। नूरी, यकीनन तुमने नफ्स को बहुत हद तक जीत लिया है, फिर भी तुम्हें खुद को भ्रम से निकालना होगा। साफ देखना सीखो। मछली तुम्हारी ख्वाहिश थी। अगर सांप तुम्हारी ख्वाहिश होता तब तुम्हारा यह चमत्कार कहलाता, अभी तो यह भ्रम है। संत जुनैद ने दुनिया को सिखाया कि हमेशा एक ऐसे गुरु की आवश्यकता होती है, जो भ्रम और वास्तविकता का अंतर दिखा सके, जो सही और बिल्कुल सही का अंतर बता सके, जो हमें संपूर्णता की तरफ ले जाए और बताए कि यह कमी भी दूर करो ताकि ईश्वर को पा सको।



सम्पादकीय

## नई विश्व व्यवस्था और भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए विपक्ष को जमकर निशाने पर लिया। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, वामपंथी दलों और आप पार्टी पर धुंआधार हमले बोले। प्रधानमंत्री ने बोफोर्स का उल्लेख कर कांग्रेस शासन में एक के बाद एक हुए घोटालों की याद दिलाई।राजनीति में सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप चलते ही रहते हैं। लोकतंत्र में संसद में हंगामे हमने पहले भी देखे हैं। मर्यादाएं टूटती भी देखी हैं। शर्मसार कर देने वाली घटनाएं भी हमने देखी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्ष की बोलती तो बंद की ही लेकिन उन्होंने एक महत्वपूर्ण बात यह कही कि न्यू वर्ल्ड आर्डर यानि नई विश्व व्यवस्था का झुकाव भारत की तरफ हो रहा है। उनके कहने का अभिप्राय यह है कि नई विश्व व्यवस्था में भारत अहम भूमिका निभाने को तैयार है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि पिछले कुछ दिनों में भारत ने दुनिया के 9 बड़े महत्वपूर्ण देशों के साथ ट्रेड डील साइन की है? जिसमें यूरोपीय यूनियन भी शामिल है। इसमें 27 देश शामिल हैं। पहले दुनिया का कोई देश हमसे डील करने आगे नहीं आता था। अब दुनिया के देश भारत के साथ डील कर रहे हैं जो कभी हमारी तरफ देखते नहीं थे। अमेरिका के साथ हाल ही में हुई डील की पूरी दुनिया तारीफ कर रही है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है भारत की व्यापार गति कोई भी वैश्विक घटना, परिवर्तन या बड़ा विचार जो विश्व की चली आ रही किसी व्यवस्था को बदलकर नई वैश्विक व्यवस्था बनाने और अपनाने के लिए मजबूर कर दें तो यह नई व्यवस्था ही न्यू वर्ल्ड आर्डर कहलाती है। कोविड महामारी के कारण कई व्यवस्थाएं बदल गईं या बदलनी पड़ी थी। राष्ट्रीय संबंध प्रभावित हुए, व्यापार प्रभावित हुआ तो कई कम्पनियों ने भारत सहित अन्य देशों की राह पकड़ी। अर्थव्यवस्था के आयाम बदल गए, देशों की भूमिकाएं बदल गईं, सत्ताएं बदल गईं और उनके सोचने के तरीके भी। बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत अपनी उचित जगह हासिल कर रहा है जिस प्रकार भारत तेजी से प्रगति कर रहा है वो न सिर्फ भारत की 140 करोड़ आबादी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है बल्कि इसका प्रभाव दुनिया पर भी पड़ना तय है। भारत एक ऐसा देश माना जाता है जो दुनिया में नैतिकता और अच्छाई के लिए लड़ाई लड़ता है।

### कब्र के नारे, मोदी के मारे: विरोधियों की छुट्टी

## सदन में गरजती सच्चाई: मोदी ने नफरत की हवा निकाल दी

5 फरवरी 2026 को राज्यसभा में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया, तो सदन में अचानक एक गहरा सन्नाटा छा गया। शोर-शराबे के बीच उनके भाषण ने विपक्ष पर तीखा हमला किया। यह भाषण केवल जवाब नहीं था, यह इतिहास की आँख में आँख डालने जैसा था, छुपी नफरत का बेनकाब सामना। 'मोहब्बत की दुकान' के मोहक शब्दों के पीछे छुपा जहर और 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' की कड़वी चेतावनी सीधे लोकतंत्र पर वार कर रही थी। मोदी ने मुखौटे को चीरते हुए स्पष्ट संदेश दिया–शब्द, कर्म और नीयत कभी छिप नहीं सकते। विपक्ष की ताकत और आक्रोश उस क्षण थम गए, और सदन ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

राजनीति में नारे अक्सर हथियार बन जाते हैं, पर कभी-कभी वे जहरीले बनकर लोकतंत्र की धमनियों में उतरते हैं। राहुल गांधी ने लगातार 'मोहब्बत की दुकान' का नारा दोहराया। मोदी ने सीधे सवाल उठाया–यह कैसी मोहब्बत है जो मौत और खतरों का संदेश देती है? यह व्यक्तिगत विरोध नहीं, यह संवैधानिक और राष्ट्रीय अपमान है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि पिछले पच्चीस वर्षों में कितनी गालियाँ झेली, फिर भी विकास की गति रुकी नहीं। 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास ही सरकार की असली शक्ति है, न कि किसी परिवार का रिमोट। यह तीखा संदेश सदन में गूंज गया और विपक्ष की आक्रोशित मुद्रा पर सन्नाटा छा गया।

कांग्रेस के लिए मानना कठिन था कि एक चायवाले का बेटा देश का प्रधानमंत्री बन गया। मोदी ने कहा–वे मान बैठे थे कि प्रधानमंत्री पद उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। जब जनता ने वह अधिकार छीन लिया, तो नफरत की आग भड़क उठी। 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' केवल नारा नहीं, यह उनके गहरे मन का सपना था। लोकतंत्र की बात करने वाले भी कभी-कभी मौत के नारे लगाते हैं। पीएम ने चेतावनी दी–इतिहास की कब्र उन्हीं के इंतजार में है। जनता सब देख रही है, समझ रही है। सदन में वॉकआउट हुआ, पर सच गूंजता रहा और हवा में लटक गया।

मोदी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियाँ गिनाईं–आर्टिकल 370 हटाया, पूर्वोत्तर से आतंकवाद मिटाया, पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की, नक्सलवाद पर प्रहार किया। यही वजह थी कि नफरत और कब्र के नारे उठे। उन्होंने स्पष्ट कहा–कितने भी नारे लगाओ, मेरी कब्र नहीं खोदी जा सकती। माँ-बहनों का आशीर्वाद मेरी सबसे मजबूत ढाल है। गरीबों को घर, शौचालय, बिजली, गैस और जल जीवन मिशन मिला। 25 करोड़ लोग गरीबी की जकड़न से मुक्त हुए। कांग्रेस ने परिवार के लिए देश को दांव पर लगाया, मैं जनता के लिए जीवन समर्पित कर रहा हूँ। फर्क इतना साफ था कि बहस का कोई स्थान नहीं बचा।

प्रधानमंत्री ने भाषण में देश की आर्थिक उड़ान को भी बखूबी रेखांकित किया। स्वतंत्रता के समय छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से फिसलकर ग्यारहवें स्थान पर पहुंची भारत, आज फिर से तीसरे नंबर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 'फ्रेजाइल फाइव' से 'विकसित भारत' की राह पर, उच्च विकास दर और कम मुद्रास्फीति के साथ दुनिया भारत की ओर आकर्षित हो रही है। यूरोपीय संघ (27 देशों के साथ 'मदर ऑफ ऑल डील्स') और अमेरिका जैसे बड़े समझौते, भविष्य-तैयार व्यापार सौदे–ये सब वैश्विक विश्वास की निशानी हैं। मोदी ने कहा–ये उपलब्धियां विपक्ष की नजर में नहीं आतीं, इसलिए वे नफरत के नारे लगाते हैं। लेकिन 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद, गरीबों-युवाओं की ताकत ही असली ढाल है। कांग्रेस ने देश को लूटा, मैंने जनता को सशक्त बनाया। यह फर्क इतना स्पष्ट है कि कोई बहस बाकी नहीं बचती। सदन में उनकी बातें विकास की नई गूंज बन गईं।

यह हमला केवल कांग्रेस पर नहीं, पूरे विपक्ष पर था। मोदी ने कहा–'मोहब्बत की दुकान' में आग लगी है, इसलिए कब्र के नारे उठते हैं। वे हार से जलते हैं। चुनाव हारने पर नफरत दोगुनी हो जाती है। जनता समझदार है, 140 करोड़ लोग मेरे साथ खड़े हैं। उनकी सरकार रिमोट से नहीं, जन-विश्वास से चलती है। मोदी ने मुस्कान के साथ कहा–रोज गालियाँ सुनता हूँ, पर स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। यह केवल हास्य नहीं था, यह अटूट आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिचायक था। सदन में तालियों की गड़गड़ाहट गूँज उठी। विपक्ष चुप था; बहस का कोई अवसर नहीं बचा।

पीएम ने स्पष्ट संदेश दिया–नफरत से कुछ नहीं बनता। अगर 'मोहब्बत की दुकान' कब्र खोदने वाली बन जाए, तो वह दुकान बंद होनी चाहिए। देश विकास, एकता और प्रगति चाहता है, न कि नफरत। जो लोग 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' कहते हैं, वे खुद समय की कब्र में समा जाएंगे। जनता ने अपना निर्णय सुना दिया है। यह भाषण विपक्ष पर तीखा हमला और सरकार की उपलब्धियों का बयान था। मोदी ने साबित कर दिया–शब्द भी क्रांति ला सकते हैं। सदन खाली हुआ, लेकिन उनकी गूँज हवा में गूँजती रही और लोकतंत्र की चेतना में अमिट छाप छोड़ गई। हर शब्द में तीव्रता थी, हर वाक्य में दृढ़ प्रतिबद्धता। यह केवल राजनीतिक हमला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को जगाने का साहसिक प्रयास था। विपक्ष के नारे और झूठ कभी छिप नहीं सकते। मोदी ने साबित किया कि जनता के विश्वास और कामकाज का सामना किसी नफरत से नहीं किया जा सकता। यह भाषण इतिहास में दर्ज होगा, क्योंकि इसमें केवल जवाब नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संदेश था। विकास और एकता की राह में नफरत की आग को बुझाने का प्रतीक बन गया।

सदन से बाहर लोग सोच में डूबे थे, हर मन में सवाल उठ रहा था–क्या लोकतंत्र की सुरक्षा इतनी मजबूत है? मोदी ने साबित किया कि लोकतंत्र केवल संविधान में नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और नेताओं की जिम्मेदारी में जीवित रहता है। 'मोहब्बत की दुकान' और 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे इतिहास में चेतावनी बनकर हमेशा गूंजेंगे। यह भाषण वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश बन गया–नफरत से कुछ नहीं बनता। देश विकास, एकता और प्रगति चाहता है। जो लोग प्रधानमंत्री की कब्र की कामना करते हैं, वे समय की कब्र में समा जाएँगे। जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। मोदी ने साबित किया कि शब्द भी परिवर्तन ला सकते हैं। सदन खाली हुआ, पर उनकी गूँज लोकतंत्र की चेतना में अमिट छाप छोड़ गई।

### गदहा-पंथ

उस पहाड़ी की तलहटी में, जहाँ विकास का सूरज अक्सर बादलों और फाइलों के बीच फंसा रहता है, अमेरिकी इंजीनियर अपनी 'थियोडोलाइट' मशीनें और सैटेलाइट मैप्स लेकर ऐसे खड़े थे जैसे कोई पंडित किसी नास्तिक के घर सत्यनारायण की कथा बाँचने पहुँच गया हो। वे धूल झाड़ रहे थे, जीपीएस के सिग्नल ढूँढ रहे थे और बार-बार अपनी कलाई घड़ियाँ देख रहे थे, मानो समय उनकी मशीनों के हिसाब से पहाड़ को सीधा कर देगा। तभी वहाँ खन्ना जी का पदार्पण हुआ। खन्ना जी, जो ठेकेदारी की उस सनातनी परंपरा के वाहक थे जहाँ 'स्टीमेट' और 'क्वालिटी' के बीच का फासला केवल रिश्वत की चौखट पर तय होता है। खन्ना जी ने अमेरिकी साहब की उन चमकदार मशीनों को वैसी ही हिकारत से देखा, जैसे कोई अनुभवी सास अपनी नई-नवेली बहू के हाथ की जली हुई पहली रोटी को देखती है। उनके चेहरे पर वह कुटिल मुस्कान थी जो केवल उन्हीं के पास होती है जिन्होंने सिस्टम की नसों में चूना भरना बखूबी सीखा हो। अमेरिकी इंजीनियर जब 'ग्रेडिएंट' और 'एलाइनमेंट' की पेचीदगियों में उलझा था, तब खन्ना जी अपनी बीड़ी सुलगाते हुए भारत की उस महान तकनीकी विरासत का शोकगीत रचने की तैयारी कर रहे थे जो बिना किसी डिग्री के भी 'रास्ता' बनाना जानती है।

खन्ना जी ने जब गधे और चूने की बोरी वाला वह महान ऐतिहासिक नुस्खा पेश किया, तो अमेरिकी इंजीनियर को लगा कि शायद उसने गलती से भूगोल की जगह किसी मनोरोग चिकित्सालय के नक्शे पर पैर रख दिया है। खन्ना जी बड़े इत्मीनान से समझा रहे थे कि कैसे एक चार पैरों वाला जानवर, जिसकी एकमात्र योग्यता उसकी हठधर्मिता है, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सिविल इंजीनियरों को मात दे सकता है। उनका तर्क था कि गधा कभी 'शॉर्टकट' नहीं लेता, वह हमेशा ढलान और ऊँचाई के बीच उस संतुलन को पहचानता है जिसे पहचानने में चतुर इंसानों को अपनी पूरी जवानी लाइब्रेरी में सड़ानी पड़ती है। यह सुनकर अमेरिकी साहब का वह 'आईक्यू' जिसे उन्होंने हार्वर्ड में चमकाया था, अचानक घुटनों के बल आ गया। यह व्यंग्य की वह पराकाष्ठा थी जहाँ एक बुद्धिजीवी को यह अहसास कराया गया कि उसकी सालों की पढ़ाई उस जानवर के सामान्य ज्ञान के सामने तुच्छ है, जो केवल लात मारना और रेंकना जानता है। खन्ना जी की हँसी में वह करुणा छिपी थी जो उन हजारों बेरोजगार इंजीनियरों के भविष्य पर अट्हास कर रही थी, जिनकी जगह अब गधों की एक नई सेना लेने को तैयार खड़ी थी।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 फरवरी 2026 सोमवार
सूर्योदय - 07:07 सूर्यास्त 18:15
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - अष्टमी दिन पूर्ण उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - विशाखा दिन पूर्ण उपरांत विशाखा
योग - वृद्धि 24:42 उपरांत ध्रुव
करण - बालव
चन्द्रमा - तुला में है। 25:10 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 20 तारिख

**मेष-** मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**वृषभ-** प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट रहेगा।

**मिथुन-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें।

**कर्क-** व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे।

**सिंह-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी।

**कन्या-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**तुला-** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है।

**वृश्चिक-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**धनु-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी।

**मकर-** जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**कुंभ-** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन-** कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## आतंकियों को पालोगे तो आत्मसम्मान ही नहीं, देश भी गिरवी रखना पड़ेगा

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हाल ही में उद्योगपतियों के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा दिया गया बयान कि पाकिस्तान को विदेशों से कर्ज मांगते समय अपना आत्मसम्मान तक गिरवी रखना पड़ता है–दरअसल कोई नई बात नहीं है। यह स्वीकारोक्ति पाकिस्तान की उस भयावह आर्थिक और राजनीतिक सच्चाई को उजागर करती है, जिसमें वह वर्षों से फंसा हुआ है । खनिज संपदाओं और प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध, मेहनतकश पठानों का देश पाकिस्तान आज जिस बदहाली के दौर से गुजर रहा है, उसके लिए बाहरी ताकतें नहीं, बल्कि उसकी अपनी नीतियां जिम्मेदार हैं। भारत के प्रति जन्मजात नफरत और उसके अस्तित्व को मिटाने की सनक में पाकिस्तान के हुक्मरानों ने आतंकवाद को राज्य-नीति बना लिया। नतीजा यह हुआ कि देश कर्ज के दलदल में इस कदर धंस गया कि अब उसके कई हिस्से और उद्योग चीन के पास गिरवी रखे जा चुके हैं। आज पाकिस्तान के अनेक रणनीतिक ठिकानों पर चीन का प्रत्यक्ष प्रभाव किसी से छिपा नहीं है।



अरविन्द रावल (दैनिक अवन्तिका)

भारत के प्रति पाकिस्तान की दुश्मनी कोई आज की बात नहीं है। बंटवारे के समय से ही भारत यह सब देखता आ रहा है पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं का कत्लेआम, बहन-बेटियों के साथ की गई बर्बरता और नफरत की वह आग, जो आज भी बुझने का नाम नहीं ले रही। हर युद्ध, हर साजिश और हर आतंकवादी प्रयास में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन इसके बावजूद उसकी नफरत कम नहीं हुई । कट्टरपंथी ताकतों ने इस्लाम और अल्लाह के नाम पर पाकिस्तान की गरीबी का फायदा उठाया। मासूम युवाओं को बहलाकर उनके हाथों में बंदूकें थमाई गईं और भारत में आतंक फैलाने भेजा गया। दशकों तक पाकिस्तान इस नीति में लगा रहा और आज भी उसकी दहशतगर्दी की कोशिशें जारी हैं। आतंकवादी शिविर, प्रशिक्षण केंद्र और उनके रख-रखाव पर होने वाला भारी खर्च–सब कुछ पाकिस्तानी सरकार की शह पर चलता रहा।

यदि यही धन पाकिस्तान ने अपने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचे पर खर्च किया होता, तो आज वह विकास के मामले में कई देशों से आगे होता। लेकिन जिस देश का जन्म ही नफरत की बुनियाद पर हुआ हो, उससे भारत के साथ भाईचारे की उम्मीद करना बेमानी है । पाकिस्तान का इतिहास गवाह है कि वहां जो भी शासक भारत के साथ बेहतर संबंधों और जनता की भलाई की बात करता है, उसे सेना और कट्टरपंथी ताकतें बर्दाश्त नहीं करतीं। कई लोकप्रिय हुक्मरानों को तख्तापलट कर फांसी के फंदे तक पहुंचा दिया गया। वहां की सेना ने कभी लोकतांत्रिक सरकारों को स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दिया, यही कारण है कि पाकिस्तान आज भी निर्णायक नेतृत्व से वंचित है । प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का दर्द दरअसल हर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का दर्द रहा है। आत्मसम्मान गिरवी रखकर कर्ज मांगने की यह मजबूरी उन्हीं नीतियों का परिणाम है, जिनमें सत्ता के लिए सेना और कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेक दिए गए।

जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का सफाया नहीं करता, आतंकी संगठनों को संरक्षण और आर्थिक मदद देना बंद नहीं करता, तब तक उसके हुक्मरान यूं ही आत्मसम्मान गिरवी रखकर दुनिया के दरवाजे खटखटाते रहेंगे। जिस दिन पाकिस्तान की जनता और युवा कट्टरपंथ और सैन्य वर्चस्व के खिलाफ खड़े होकर देशहित में काम करने वाली लोकतांत्रिक सरकार बनाएंगे, उसी दिन पाकिस्तान को यह अपमान झेलना नहीं पड़ेगा। अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब आत्मसम्मान के साथ-साथ पूरा पाकिस्तान ही गिरवी रखा हुआ दिखाई देगा।

## पुरुषों की हर मर्ज की दवा है लौंग ?, खाने के फायदे

इस खबर में हम आपके लिए लेकर आए हैं लौंग के फायदे जी हां , आयुर्वेद में लौंग का अपना महत्व है। आयुर्वेद में वैसे तो अनेक दवाइयां हैं, जो सेहत की की परेशानियों को दूर कर सकती हैं। इन्हीं में से एक लौंग भी है, लौंग कोरोना काल में हमारी सेहत के लिए बेहद लाभकारी है। अगर आप लौंग के फायदे जानेंगे तो हैरान रह जाएंगे। जाने माने आयुर्वेद डॉक्टर अबरार मुल्तानी के अुसार आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी कई बीमारियों को खत्म कर-के स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों से खुद को बचाने के लिए लौंग किसी रामबाण से कम नहीं है।

### लौंग में पाए जाने वाले तत्व

लौंग में विटामिन के साथ अन्य मिनरल्स पाए जाते हैं। इसमें जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा लौंग में प्रोटीन, आयरन, काबोर्हाइड्रेट्स, कैल्शियम और सोडियम एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

### लौंग के फायदे

**पाचन स्वास्थ्य के लिए बेहतर है लौंग :** लौंग पाचन एंजाइमों के स्राव को बढ़ाती है, जो कब्ज और अपच जैसे पाचन संबंधी विकारों को रोकती है। लौंग फाइबर से भरा होता है, जो आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।



**डायबिटीज मरीजों के लिए लाभकारी है लौंग :** लौंग का सेवन करने से डायबिटीज भी कंट्रोल रहती है। अगर किसी को डायबिटीज बनती है तो रोज 2 लौंग का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे डायबिटीज कंट्रोल रहती है।

**इम्युनिटी को बूस्ट करती है लौंग-** शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने में लौंग मददगार है। इसमें विटामिन सी और कुछ एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में सफेद रक्त कोशिकाओं को बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं। यह शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

**हड्डियों को मजबूत करती है लौंग :** कमजोर हड्डियों को भी लौंग मजबूत बनाती है। इसमें फ्लेवोनॉयड्स, मैंगनीज और यूजेनॉल होते हैं, जो हड्डी और संयुक्त स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं। लौंग का सेवन हड्डियों के घनत्व को बढ़ाने में मदद करता है।

### पुरुषों के लिए क्यों जरूरी है लौंग

लौंग का नियमित सेवन करने से यौन संबंधित समस्या से राहत मिलती है। इसलिए जिन पुरुषों को यौन संबंधित कोई समस्या है, उन्हें लौंग का सेवन जरूर करना चाहिए, क्योंकि इससे सेक्स लाइफ अच्छी होती है। और यह पौरुष शक्ति बढ़ाने का काम करती है। लौंग कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, सोडियम और जिंक जैसे खनिज से भरपूर होता है। यह सभी पुरुषों की सेहत के लिए जरूरी तत्व माने जाते हैं।

### इस समय करें लौंग का सेवन

डॉक्टर अबरार मुल्तानी के अनुसार, अगर आप रोज रात को सोने से पहले 2 लौंग खाकर एक गिलास गुनगुना पानी पी लेते हैं, तो इससे पेट संबंधी कई रोग दूर हो जाते हैं। इसके अलावा आप खाली पेट भी लौंग का सेवन कर सकते हैं।

धर्म-आस्था

## रामायण, रामसेतु और विज्ञान: आस्था से उपजा वह ज्ञान, जो आज भी चकित करता है

भारतीय परंपरा में रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन, समाज, नीति और विज्ञान की समग्र व्याख्या है। समय-समय पर यह प्रश्न उठता रहा है कि रामसेतु आस्था का विषय है या विज्ञान का। किंतु जब रामायण के प्रसंगों को गहराई से पढ़ा और समझा जाए, तो स्पष्ट होता है कि रामसेतु आस्था और विज्ञान के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

लंका के राजदरबार में जब रावण के गुप्तचर शुक और सारण समुद्र तट से लौटे, तो उन्होंने जो देखा, वह तत्कालीन विज्ञान की समझ से भी आगे था। वानर सेना समुद्र पर सेतु निर्माण की तैयारी कर रही थी। रावण को यह असंभव लगा, क्योंकि उसके अहंकार और तथाकथित वैज्ञानिक दृष्टिकोण में पत्थरों का पानी पर टिकना संभव नहीं था। किंतु रावण यह भूल गया कि राम की सेना में नल और नील जैसे ऐसे शिल्पी थे, जिन्हें केवल शक्ति नहीं, बल्कि निर्माण और संरचना का गहन ज्ञान भी प्राप्त था।

रामचरितमानस की चौपाइयाँ इस बात का संकेत देती हैं कि सेतु निर्माण कोई भावनात्मक उन्माद नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित योजना थी। वानर बड़े-बड़े शिलाखंड लाते थे, किंतु उनका प्रयोग नल और नील की देखरेख में होता था। क्षेत्र को कार्य-खंडों में बाँटना, पत्थरों की गुणवत्ता परखना, उन्हें सही दिशा में जोड़ना–यह सब उस समय के उन्नत प्रबंधन और अभियांत्रिकी का प्रमाण है। राम नाम का पत्थरों पर अंकन केवल भक्ति का चिह्न नहीं था। यह पत्थरों की दिशा और जोड़ को पहचानने का संकेत भी था। किस पत्थर का कौन-सा भाग दूसरे से जुड़ेगा, यह उस अंकन से स्पष्ट होता था। इससे समुद्री लहरों के बीच भी सेतु की सीध बनी रही। यह आज की भाषा में दिशा-सूचक और पहचान प्रणाली का प्रारंभिक रूप था। नल और नील ने समुद्र तल की प्रकृति को समझे बिना निर्माण आरंभ नहीं किया। उन्होंने जल की गहराई, तल की मिट्टी और चट्टानों की स्थिति का अध्ययन किया। रामेश्वरम से मन्नार के बीच पहले से मौजूद उथली चट्टानी पट्टी को आधार बनाकर सेतु की दिशा तय की गई। आधुनिक उपग्रह चित्र भी आज उस प्राकृतिक संरचना की पुष्टि करते हैं, जिसे हजारों वर्ष पूर्व नल-नील ने अपने ज्ञान से पहचाना था।

सेतु में पत्थरों को केवल रखा नहीं गया, बल्कि आपस में इस प्रकार जोड़ा गया कि वे एक-दूसरे को थामे रहें। चूना, प्राकृतिक गोंद और समुद्री वनस्पतियों के मिश्रण से ऐसा बंधन बनाया गया जो खारे पानी में और अधिक मजबूत होता गया। लहरों के प्रभाव को कम करने के लिए सेतु के किनारों को ढलानदार रखा गया, जिससे टकराती लहरों की शक्ति क्षीण हो जाती थी। रेत के बहाव और समुद्री कंपन से सेतु को बचाने के लिए उसे पूरी तरह कठोर नहीं, बल्कि लचीला बनाया गया। नीचे ऐसी परतें डाली गईं जो दबाव को सहन कर सकें। यही कारण था कि प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद सेतु स्थिर रहा। यह वही सिद्धांत है, जिसे आज आधुनिक भवनों में अपनाया जाता है।

गिलहरियों द्वारा रेत भरने का प्रसंग भी केवल भावनात्मक कथा नहीं है। छोटे-छोटे कणों द्वारा पत्थरों के बीच के अंतर भरना, संरचना की मजबूती बढ़ाने का आवश्यक चरण था। इससे सेतु की भार वहन क्षमता कई गुना बढ़ गई। रामायण यह संदेश देती है कि बड़े कार्य में छोटे योगदान भी उतने ही महत्त्वपूर्ण होते हैं। सेतु निर्माण के दौरान जय श्रीराम का घोष वातावरण में गूंजता था। यह केवल उत्साह नहीं, बल्कि एक लयबद्ध ऊर्जा का निर्माण भी करता था। सामूहिक स्वर से उत्पन्न कंपन ने पत्थरों के बीच सामंजस्य बनाए रखा। यह ध्वनि और संरचना के संबंध का सूक्ष्म संकेत है, जिसे आधुनिक विज्ञान अब समझने लगा है।

पाँच दिनों में सेतु का निर्माण तत्कालीन इतिहास का अद्भुत उदाहरण है। श्रम विभाजन, समय प्रबंधन और निरंतर आपूर्ति–इन सभी का संतुलन इतना सटीक था कि कहीं अव्यवस्था नहीं हुई। समुद्र, जो एक बाधा था, वही विजय का मार्ग बन गया।

जब रावण ने पुष्पक विमान से उस सेतु को देखा, तो उसके भीतर भय उत्पन्न हुआ। उसे समझ आ गया कि यह केवल धार्मिक आस्था का परिणाम नहीं, बल्कि उच्च कोटि की बुद्धि, योजना और विज्ञान का प्रतिफल है। उसकी वह धारणा टूट गई कि ज्ञान और शक्ति केवल उसी के पास हैं।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,57,500, रवा- 1,57,300 चांदी- टंच- 2,62,000 पाट- 2,61,200।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## जागरूक नागरिकों की पहल से बचा इमली का हरा-भरा पेड़

**सुसनेर।** नगर के शिव का बाग मेला ग्राउंड में अवैध रूप से काटे जा रहे एक हरे-भरे इमली के पेड़ को बचाने के लिए जागरूक नागरिकों द्वारा त्वरित एवं सराहनीय पहल की गई। सूचना मिलते ही पर्यावरण-प्रेमी लोग मौके पर पहुँचे और पेड़ को और अधिक क्षति से बचाने के लिए तत्काल उपचार किया। पेड़ के कटे हिस्से पर पीली मिट्टी का लेप कर टेपिंग की गई। ताकि उसमें नमी बनी रहे और उसका जीवन सुरक्षित रह सके। इस पहल से न केवल पेड़ को संजीवनी मिली, बल्कि यह संदेश भी गया कि नगरवासी पर्यावरण के प्रति सजग और संवेदनशील हैं। इस पुनीत कार्य में सामाजिक कार्यकर्ता पवन शर्मा, पार्षद युगल किशोर परमार, सुरेश सोनी, अर्पित तिवारी सहित श्री दर्शन सागर दिगम्बर जैन ज्ञान मंदिर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अनेक पर्यावरण-प्रेमी नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने एक स्वर में कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और इन्हें नुकसान पहुँचाना भविष्य के साथ खिलवाड़ है। नागरिकों ने अपील की कि प्रकृति के विरुद्ध हो रहे अवैध कृत्यों का पुरजोर विरोध किया जाए तथा हरियाली की रक्षा के लिए समाज एकजुट हो। यह पहल केवल एक पेड़ को बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और हराभरा वातावरण सौंपने के संकल्प का प्रतीक है।

## नांदासुरा मार्ग पर नवजात का शव, हत्या की आशंका पुलिस ने पीएम करवाकर दफनाया



**शुजालपुर।** शुजालपुर-नांदासुरा रेलवे गेट से तहसील मार्ग के बीच शनिवार सुबह सड़क किनारे नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार शव पर गर्भनाल लिपटी मिली है, जिससे आशंका है कि जन्म के कुछ ही घंटों बाद नवजात को यहां लाकर फेंका गया। मंडी शुजालपुर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाते हुए शव को दफन किया। नवजात शिशु का लिंग क्या था यह पुलिस स्पष्ट नहीं कर पाई। एएसआई भेमेन्द्र ठाकुर ने बताया कि मार्ग पर गुजर रहे व्यक्ति ने इस नवजात शिशु को सड़क के किनारे मृत अवस्था में देखा था। जिसके समीप एक जुट का बोरा भी पड़ा हुआ था। प्रारंभिक जांच में देर रात या अलसुबह घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फु टेज खंगाल रही है और मामले की हर पहलू से जांच जारी है।

## खड़ला घाट पर हुआ दीक्षांत समारोह संस्कार ही विद्यार्थी का भविष्य तय करते



**शुजालपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी का दीक्षांत समारोह जबरदी गांव स्थित देवनारायण मंदिर खड़ला घाट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग समन्वयक सुरेंद्र जोशी मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय से प्राप्त संस्कार ही विद्यार्थी के भविष्य की दिशा तय करते हैं। समारोह की अध्यक्षता जेएनएस कॉलेज के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने की। विशेष अतिथि प्रो. बी के त्यागी एवं शुजालपुर महाविद्यालय स्थापना समिति के सचिव डॉ. महेंद्र सितपरा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन से हुआ। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अनुभव कथन प्रस्तुत किया। संचालन भावना राजपूत व कुमकुम मेवाडा ने किया, स्वागत गीत शिक्षिका सीमा शर्मा ने प्रस्तुत किया। अंत में विद्यार्थियों को राष्ट्रधर्म एवं विद्या भारती के कार्यों के लिए संकल्प दिलवाया गया।

## रासलीला के संग मनाया फाग उत्सव फाग गीतों की अग्रवाल महिला मंडल ने दी प्रस्तुति



**शुजालपुर।** अग्रवाल महिला मंडल शुजालपुर द्वारा फाल्गुन माह के पावन अवसर पर उल्लासपूर्ण वातावरण में फ ाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक फ ाग गीतों पर जमकर आनंद लिया। मंडल अध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल एवं सचिव वीणा गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं भजनों से किया गया। इसके बाद राधा-कृष्ण की होली एवं रासलीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए फ ाग गीत गाए गए। फू लों व गुलाल की वर्षा के बीच पूरे सभागार में भक्तिमय व उत्सवी माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों को शुभ लाभ के प्रतीक चिन्ह उपहार स्वरूप भेंट किए गए। आयोजन में सरिता अग्रवाल, राजकुमारी बिंदल, उर्मिला अग्रवाल, सिंपल बिंदल, कविता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, फुलकुंवर गोयल, अनीता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, कनिका अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

केन्द्रीय बजट 2026-27 पर आयोजित पत्रकार वार्ता को सांसद रोडमल नागर ने किया सम्बोधित

# किसानों को फसलों के सही दाम नहीं मिलने के सवाल पर कन्नी काटते दिखे सांसद नागर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना




राजगढ़ सांसद रोडमल नागर ने शनिवार को गुना में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने यह बजट गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए लाभकारी बताया। जिसमें वे किसानों को उनकी फसलों के सही दाम नहीं मिलने से पत्रकारों के सवालों पर कन्नी काटते नजर आए। वहीं दूसरे सवाल नरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने पर सासंद रोडमल नागर भडकते दिखे और कहा कि अब मैं कुछ बोलना नहीं चाहता महात्मा गांधी जी का नाम इस नेहरू परिवार में कैसे आया और नेहरू से गांधी कैसे बन गए।

सांसद नागर केंद्रीय बजट 2026-27 की विशेषताओं पर आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान स्थानीय पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। दरअसल मामला ये है केंद्र सरकार ने हाल ही में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर वीबी जी रामजी यानी (विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण) कर दिया है। इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में एक जंग छिड़ी हुई है, क्योंकि एक तरफ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदल दिया तो वहीं दूसरी ओर इस योजना में कोई नई विशेषता नहीं है। खास बात ये है कि इस योजना में मजदूरी और ट्रैक्टर भाड़े पर कोई राशि नहीं बढ़ाई है। सांसद नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। केन्द्रीय बजट मध्यप्रदेश के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरों के विकास व लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम का विकास प्रदेश के लिए वरदान होगा। यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। इस मौके पर वार्ता में पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, जिला महामंत्री एवं संयोजक रविन्द्र रघुवंशी टिल्लू, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुशील दहीफले व सह संयोजक ओमप्रकाश राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

केंद्रीय बजट 2026 पर संवाद कार्यक्रम

# उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया युवा शक्ति को प्रेरित करने वाला बजट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय बजट 2026 पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। भाजपा जिला कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर किसानों से बजट 2026 के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव और किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह गोहिल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने बजट को देश के विकास, उद्योग, किसान और आमजन के हित में बताया।

प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि यह बजट युवा शक्ति प्रेरित है। इसका उद्देश्य तेज और सतत आर्थिक वृद्धि, क्षमता निर्माण और सभी क्षेत्रों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर मिशन, औद्योगिक कॉरिडोर, एमएसएमई सेक्टर सशक्तिकरण, सेवा क्षेत्र विस्तार और नई तकनीकों में निवेश से मध्यप्रदेश में हाई-टेक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

पत्रकार वार्ता में मंत्री कश्यप ने कहा कि कंटेंट क्रिएटर लैब, पर्यटन गाइड प्रशिक्षण, खेल प्रोत्साहन और औद्योगिक निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा बजट में वृद्धि, अधोसंरचना निवेश और नई आर्थिक जोन की स्थापना से देश की सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है। उन्होंने जोर दिया कि इसमें गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रावधान किए गए हैं।

## दो परीक्षा केन्द्रों में लगे पर्यवेक्षकों की ड्यूटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

आगामी 10 फरवरी मंगलवार से माध्यमिक शि क्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा संचालित बोर्ड स्तर की कक्षा दसवीं तथा बोर्ड 12वीं की बोर्ड स्तरीय परीक्षाएं शुरू होने जा रही है नगर के दो परीक्षा केंद्र पर कल 9 फरवरी सोमवार को वार्षिक परीक्षाएं संपन्न करने के लिए जिन पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है उनकी परीक्षा पूर्व तैयारियों तथा अन्य परिचायत्मक जानकारी हेतु एक आवश्यक बैठक केंद्राध्यक्ष लेंगे।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के हायर सेकंडरी विद्यालय (परीक्षा केंद्र 44 1050) में 20 महिला पुरुष शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाई गई है इसी तरह एक और अन्य परीक्षा केंद्र गुरुकुल मानस एकेडमी (परीक्षा केंद्र क्रमांक 4422 44 ) शिक्षक शिक्षि काओं की ड्यूटी लगाई गई है।

## दिनदहाड़े घर में घुसकर छेड़ छाड़, चाकू दिखा कर शादी का दबाव बनाया

**इंगोरिया।** शाम साढ़े चार बजे इंगोरिया में दिन दहाड़े घर में घुसकर छेड़ छाड़ की शादी के लिए चाकू निकाल कर दबाव बनाया। इंगोरिया में ही रहने वाले एक आरोपी के खिलाफ युवती ने छेड़ छाड़ की शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि धर्मेंद्र पिता मोहनलाल जाट निवासी इंगोरिया घर में घुसकर बुरी नियत से हाथ पकड़ा तथा कहा कि मैं तुम्हे पसंद करता हूं और शादी करना चाहता हूं । मैने शादी करने से मना किया तो चाकू निकाल कर धमकाने लगा और घसीट कर ले जाने लगा। मेरे चिल्लाने पर लोग आ गए। तो वह भाग गया। पुलिस ने गांव में ही रहने वाले एक आरोपी के खिलाफ युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

## भाटखेड़ी के पास हाइवे पर पलटा दूध पाउडर से भरा ट्रक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास।



राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा-मुंबई हाइवे पर शनिवार सुबह दूध पाउडर से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटने से उसमें आग लग गई, जिससे हजारों रुपए का दूध पाउडर जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही करनवास पुलिस मौके पर पहुंची और पचोर और ब्यावरा से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

लगभग आधे घंटे से अधिक समय की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया गया। करनवास थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 10:30 बजे आगरा-मुंबई हाईवे पर भाटखेड़ी गांव के पास महाराष्ट्र के सोलापुर से यूपी का कानपुर जा रहा ट्रक क्रमांक आरजे 17 जीए 7204 का अगला टायर फटने से ट्रक पलट गया।

ट्रक पलटने से चिंगारी निकलने से आग भड़क गई। कुछ ही मिनटों में आग की लपटे उठने लगी। पुलिस ने वाहनों को दोनों तरफ रोक दिया। दो दमकल की मदद से लगभग आधा घंटे में आग पर काबू पाया गया। ट्रक में ड्राइवर सहित तीन लोग सवार थे। ट्रक यूपी के कानपुर के सरकड़ा निवासी निवासी धर्मेंद्र पुत्र कैलाश चल रहा था। यूपी के कानपुर जिले के हरवंशपुर निवासी जितेंद्र पुत्र महेश सिंह 20 और नरेंद्र सिंह पुत्र महेश सिंह 25 साथ में बैठे थे। हालाकि ट्रक पलटने और आग लगने से तीनों लोगों को मामूली चोटें आई है।

## राज्यमंत्री टेटवाल ने गुलखेड़ी पंचायत में किया 58 लाख के कार्यों का भूमिपूजन

**सारंगपुर।** नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए हमारी सरकार कृत संकल्पित है। ये सडकें न केवल आवागमन को सुगम बनाएंगी, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी सहायक सिद्ध होंगी। इन विकास कार्यों से गाँव की आधारभूत सुविधाएँ सुदृढ होंगी, आवागमन सुगम होगा एवं स्वच्छता के स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। ग्राम गुलखेडी और पुरे विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं। क्योंकि विकास ही हमारा संकल्प, सेवा ही हमारा धर्म, इसके लिए हम सतत रुप से आगे बढ़ रहे है। उक्त उद्गार सारंगपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गुलखेड़ी कला में करीब 58 लाख रुपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन करते हुए राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने व्यक्त किए।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने गफ्फार पटेल पिता नूरहुसैन पटेल निवासी व कृषक ग्राम पवाडला तहसील व जिला देवास (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 287 रकबा 0.49 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 126 रकबा 0.38 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 127 रकबा 0.47 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 119/1/1/2 रकबा 0.62 हेक्टेयर कुल किता 4 कुल रकबा 1.96 हेक्टेयर स्थित ग्राम पवाडला तहसील व जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 5 दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विकय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

इति दिनांक 08/02/2026 स्थान उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय :- पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार अमरदीप पिता श्री आनंद शर्मा, निवासी-36 जहाजगली छोटा सराफा उज्जैन ने छगनलाल पिता केसरसिंह व रतनलाल पिता केसरसिंह निवासी जयसिंहपुरा उज्जैन से भूमि सर्वे क्रमांक 3320/3/1/1 रकबा 0.5120 आरे.. सर्वे क्रमांक 3320/3/1/2 रकबा 0.5960 आरे, सर्वे क्रमांक 3326/2 रकबा 0.000 आरे कुल किता 03 कुल रकबा 1.1080 हे. स्थित कस्बा उज्जैन एवं भूमि सर्वे क्रमांक 3320/1/2 रकबा 0.3870 आरे, सर्वे कमांक 3320/2/2/1 रकबा 1.0340 आरे कुल किता 02 कुल रकबा 1.421 हे. स्थित कस्बा उज्जैन क्रय करने का लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार से किया था तथा कुछ भाग के विक्रय पत्र का संपादन रतनलाल व छगनलाल अपने जीवनकाल में अनुबंध के अनुसार अमरदीप शर्मा के कहने से अन्य के हित में कर गये है, शेष भूमि लगभग 12 बीधा बची है उसके संबंध में उनके उत्तराधिकारी कमलाबाई व कांताबाई आदि से समझौता हुआ था किन्तु वह समझौते का पालन नहीं कर रहे है और बचा हुआ शेष भाग अन्य को विक्रय करने के प्रयास में है, ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का कोई लेनदेन या व्यवहार अथवा कय विक्रय का कोई सौदा नहीं करे, अन्यथा ऐसा कोई व्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं रहेगा। इस संबंध में मेरा पक्षकार शीघ्र ही न्यायालयीन कार्यवाही कर रहा है।

**पंखुरी समदानी, एडवोकेट**
**स्थित-92 गोंदा चौकी. गुरू मंदिर के पास, उज्जैन**
**फोन नंबर 0734 2551822**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचीत किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुचना कर्ता कृषक स्व सुदर्शना बाई पति सिरेमल जी बाठीया के वैधानिक वारिसान मुकेश कुमार पिता सिरेमल बाठीया के नाम से एक कृषि भूमि खाता क्रमाक 604 ग्राम नाग गुराडीया प.ह. नम्बर 23 तहसील झार्डा जिला उज्जैन में स्थित है।

जिसका सर्वे क्रमाक 949,952 कुल किता 2 कुल रकबा 2.60 हेक्टर स्थित होकर मेरे पक्षकार मुकेश कुमार पिता सिरेमल बाठीया के सत्व स्वामीत्व आधिपत्य में है । जिसके सम्बध मे प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन होकर हमारे द्वारा प्रस्तुत आवेदन का निराकरण किया जाना है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उक्त कृषि भूमि शंकरलाल पिता रतनलाल एव कतिपय व्यक्तियो व्दारा जालसाजी धोखाधड़ी से विक्रय करना चाहते है अत कोई भी व्यक्ति संस्था उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के सम्बंध में कोई व्यवहार क्रय विक्रय बंधक आदि कोई व्यवहार ना करे अन्यथा उसके सम्बंध में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। तथा पुलिस में भी रिपोर्ट कि जावेगी जिससे उत्पन्न परिणामों की समस्त जवाबदारी स्वयं की होगी ।

**लोकेन्द्र शर्मा एडवोकेट**
**महिदपुर मोबा. 99265-917411**



## जामनेर में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा 19वां सुंदरकांड व विशाल भंडारा संपन्न

**शुजालपुर।** जामनेर के गुजरातीपूरा में 21 सुंदरकांड संकल्प के अंतर्गत 19वां सुंदरकांड कार्यक्रम श्री बाबा रामदेवजी महाराज मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। आयोजन की शुरूआत प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के साथ डाला बाई, सुगना बाई एवं भाटी जी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा से हुई, जिसे ज्योतिषाचार्य पं. ओमप्रकाश शर्मा ने विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया। रात्रि 8 बजे से जय सीताराम सुंदरकांड मंडली द्वारा संचालक छगनलाल धाकड़ धाकड़ खेड़ा के नेतृत्व में सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं कवि हुकमसिंह गुर्जर मुख्य आकर्षण रहे। उनके राजस्थान रामदेवरा से जुड़े भजनों पर श्रद्धालु देर रात 2 बजे तक झूमते रहे। इस दौरान ग्रामीण लोक देवताओं के पण्डों पर देवता आने से आयोजन ने विराट एवं भक्तिमय स्वरूप ग्रहण कर लिया। विशेष भजन प्रस्तुतियों में हरीश सोनी एवं मनोहर विश्वकर्मा ने भी श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। आयोजन में भजन गायकों एवं सुंदरकांड मंडली का सम्मान किया गया। शुजालपुर से पधारे अंजनी सूत मारुति नंदन के संचालक एवं जिला अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण समिति के अध्यक्ष सुरेश मालवीय का भी विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## 5 पुलिसकर्मी केंद्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित: एसपी ने किया सम्मान




**देवास।** पुलिस के पांच कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें से दो कर्मचारियों को वर्ष 2025 के लिए अति उत्कृष्ट सेवा पदक और तीन कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया है। गृह मंत्रालय पुलिस और सुरक्षा बलों के कर्मियों को उनकी असाधारण, सराहनीय और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह पदक देता है। सम्मान राष्ट्रहित में उनके योगदान को मान्यता देता है। देवास एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अति उत्कृष्ट सेवा पदक उन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने लंबे सेवाकाल में असाधारण निष्ठा, अनुकरणीय कर्तव्यपरायणता और राष्ट्रहित में उत्कृष्ट योगदान दिया हो। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक उन कर्मियों को मिलता है, जिन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा और प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में उल्लेखनीय और सराहनीय कार्य किया हो। साइबर सेल के प्रधान आरक्षक सचिन चौहान, यातायात के प्रधान आरक्षक अभयसिंह कुशवाह और थाना सोनकच्छ के प्रधान आरक्षक कुलदीपसिंह सिकरवार को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री सेवा पदक प्राप्त करना अत्यंत सम्मान और गर्व का विषय है।

## स्कूली बच्चों के श्रेष्ठ संस्कार ही उनकी अनमोल विरासत - भाभौर



**महिदपुर रोड।** नगर के सरस्व ती शिशु मंदिर में शनिवार को कक्षा 12 वीं के स्कूली बच्चों का दीक्षांत समारोह नगर निरीक्षक राम सिंह भाभौर के मुख्य आति थ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए थाना प्रभारी ने कहा आपके श्रेष्ठ संस्कार ही आपकी अनमोल पूंजी है थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को एक धार्मिक भजन भी सुना कर उन्हें धर्म की अनूठी शिक्षा भजन के माध्यम से दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित राजेश कांठेड दिनेश मंडोवरा कैलाश शर्मा प्रभु चौधरी आदि ने भी स्कूली बच्चों को संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की स्कूली छात्रा मनीष पंड्या तथा शीतल कोड में संयुक्त रूप से किया अमृत वचन शिक्षिका शांति चावडा ने सुनाएं स्वागत गीत राजकुमारी अरोड़ा ने प्रस्तुत किया कक्षा 12वीं के स्कूली बच्चों ने संगीत शि क्षा के लिये विद्यालय को अपनी और से हारमोनियम तथा तबला वादक शिक्षा शुरू करने के लिये सहयोग राशि प्रदान की स्कूली बच्चों को इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र तथा कलम भेंट की आभार प्रधानाचार्य रामेश्वर परमार ने माना इस दौरान विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक हेमंत बेड वाल तथा वरिष्ठ शि क्षक दिनेश बैरागी ने भी स्कूली बच्चों को संबोधित किया कक्षा 12वीं की शिवानी आंजना टीना जायसवा ल कृपा राठौर शिवानी सौलंकी आदि ने भी अपने संस्करण सुनाएं कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

न्यूज-कॉलम

## राजयोग की साधना मन को शांति और सुकुन देती है -विधायक

**नीमच।** मैं पिछले कई वर्षो से ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ा हुआ हूं, माउण्ट आबू भी जाकर शिविर का लाभ लिया है, ये त्यागी तपस्वी ब्रह्माकुमारी बहनें और भाई सचमुच अपनी निःस्वार्थ सेवा से भारत को विश?व गुरू बना रहे हैं । मैंने इनमें राष्ट्रप्रेम और सेवा भावना को गहराई से पाया है । ये भाई बहनें हमेशा अपने तन मन धन से सेवा के लिए सदा तत्पर रहते हैं और दूसरों को सुख शांति देने में ही इनको आनन्द प्राप्त होता है, मैं ऐसे त्यागी, तपस्वी, निःस्वार्थ सेवाधारियों को नमन करता हूँ उपरोक्त विचार विधायक दिलीप सिंह परिहार ने विकास नगर एवं हुडको कॉलोनी के संगम स्थल पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के राजयोग साधना केन्द्र के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ने कहा कि च्मैंने राजयोग का 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है और यथा समय राजयोग मेडिटेशन को अपने जीवन में अपनाती हूँ जिससे मुझे गहरी शांति प्राप्त होती है ।

## जिला कांग्रेस के धरने में गणपत पंवार किसानों के साथ पहुंचे

**मल्हारगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर के नेतृत्व में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन,मन्दसौर विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल की विशेष उपस्थिति में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजे की मांग को लेकर रविवार को धरना आंदोलन में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसनेता एवं जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष जनपद सदस्य गणपत पंवार हरमाला झारड़ा क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसानों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे व धरने को संबोधित किया।

## जन संवेदनाओं की आंतरिक धारा बहती है रचना में : प्रो. चौहान

**रतलाम।** रचनाकार अपनी वैचारिकता के साथ कलात्मक पक्ष को मजबूती से जब जोड़ता है तो उसकी रचना संदेशपरक होने के साथ कविता की अनिवार्यताओं को भी पूर्ण करती है । नंदकिशोर जोशी सलिल की रचनाएं अंतर्निहित जन संवेदनाओं को अभिव्यक्त करती हैं। यही इन रचनाओं की सार्थकता है । उक्त विचार जनवादी लेखक संघ द्वारा आयोजित एक रचनाकार का रचना संसार श्रृंखला की दसवीं कड़ी में दिवंगत रचनाकार नंदकिशोर जोशी सलिल पर केंद्रित आयोजन की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि एवं अनुवादक प्रो. रतन चौहान ने व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि शब्द और अर्थ किसी भी रचना को सार्थक बनाते हैं । इनके बीच सामंजस्य होना ही एक कवि की रचनाशीलता को प्रदर्शित करता है। सलिलजी ने भी इस सामंजस्य को बनाए रखा , इसीलिए उनकी रचनाएं हम आज भी बार-बार पढ़ते हैं।

## श्रम संगठनों की देशव्यापी हड़ताल 12 को

**रतलाम।** श्रम संगठनों के संयुक्त समिति की बैठक आज शास्त्री नगर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें 12 फरवरी 2026 को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के पोस्टर का विमोचन किया गया एवं केंद्र सरकार के श्रम संबंधी काले कानून के विरोध में हड़ताल को जोर-शोर से करने की तैयारी की गई।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# केंद्रीय बजट व्यापारियों के लिए काफी राहत देने वाला-मंत्री काश्यप

## भाजपा द्वारा व्यापारियों से संवाद एवं परिचर्चा संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



इज ऑफ डूइंग व्यापार को सरल कैसे करना, इस पर बजट में कई प्रावधान है। व्यापारिक जगत में सरकारी तंत्र का कम से कम इंवॉल्वमेंट हो, उस पर चिंतन किया गया है। छोटी-मोटी गलती की आपराधिक धाराओं को हटाया गया है। किसी कारण से किसी को कोई आमदनी हो, तो उस पर 78 प्रतिशत टैक्स लगता था, बजट में उसे 38 प्रतिशत कर दिया गया है। बजट में जिन कारणों से तनाव होता था, उन्हे सरल कर दिया गया है।

यह बात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आयोजित व्यापारियों से संवाद एवं परिचर्चा को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया । इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, बजट टोली जिला संयोजक महामंत्री जयवंत कोठारी, टोली सदस्य व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक रजनीश गोयल, व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक सीए रजनीश जैन, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, सोश्यल मीडिया जिला संयोजक करण वशिष्ठ मंचासीन रहे।

श्री काश्यप ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आम जनमानस के बीच बजट को लेकर 70 सालों तक आय-व्यय पत्रक की धारणा बनी रही है, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इसमे बड़ा बदलाव आया है। केंद्रीय बजट अब आंकड़ों का मायाजाल नहीं होकर वास्तविक रूप देश की अर्थ व्यवस्था का पत्रक बन रहा है। बजट वैसे ही देश का रोड मैप होता है, देश की दिशा क्या हो और उसे किस मार्ग पर ले जाना है, ये इससे ही तय होता है। मोदीजी के नेतृत्व में इस साल का बजट विकसित भारत की संकल्पना पूरा करने का आधार बना है, जिससे हर वर्ग का देश के विकास में योगदान सुनिश्चित होगा।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि अमेरिका से ट्रेड डील के बाद दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री है, जिन्होंने भारत के लिए विकासशील से विकसित होने की दिशा निश्चित की है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की इकोनामी ग्रोथ बड़ी है। किसी भी देश के विकसित होने का पहला मापदंड गरीबी से मुक्त होना होता है और इस दिशा में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। मोदी जी ने बजट में जो रोडमैप दिया है, वह पूरा विकास का है। आर्थिक रूप से हम समृद्ध बने, गरीब कल्याण हो, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर बने और उसके साथ बजट ने विभिन्न सामाजिक आयामों को छुआ है। बजट में सरकार को कर्ज लेना और कितना लेना है, यह भी तय किया गया है। देश के साथ वित्तीय अनुशासन का काम मध्यप्रदेश में भी हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है।आरंभ में जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया । संचालन जयवंत कोठारी ने किया । आभार रजनीश गोयल ने माना।

# पुरानी पेंशन बहाली और ई-अटेंडेंस के विरोध में अध्यापकों ने निकाली रैली व दिया ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर




आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान के तहत रविवार को मंदसौर जिले के सैकड़ों अध्यापकों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। जिला अध्यक्ष श्याम मीणा के नेतृत्व में अध्यापकों ने महाराणा प्रताप बस स्टैंड स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर एकत्रित होकर विशाल रैली निकाली और सुशासन भवन पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से संघ ने स्पष्ट किया कि अध्यापक शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाशों के नकदीकरण का लाभ दिया जाए। साथ ही अन्य मांगों में केंद्रीय कर्मचारियों की भांति 1 जनवरी 2026 से 8वें वेतनमान का लाभ दिया जाए, ई-अटेंडेंस को तत्काल बंद किया जाए या फिर इसे विभाग के सभी बाबूओं और अधिकारियों के लिए भी अनिवार्य किया जाए, दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को अविलंब अनुकंपा नियुक्ति दी जाए और गुरुजी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता मिले, जनजाति कार्य विभाग के शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए, सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान हो और 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर पदोन्नति दी जाए सहित अन्य मांगे रखी।आंदोलन की शुरूआत महाराणा प्रताप बस स्टैंड से हुई, जहां जिले भर से आए शिक्षकों ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। यहाँ से अध्यापक रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए सुशासन भवन पहुंचे। शिक्षकों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। इस अवसर पर प्रांतीय प्रवक्ता सुनील परिहार, दशरथ गहलोत, विक्रम सिंह कच्छावा, देवेंद्र शर्मा, विजय मीणा, कारूलाल तंवर, मुकेश ठन्ना, गोपाल सूर्यवंशी, आनंद आंजना, फिरोज खान, अंबालाल धनगर, महेश चौहान, उमर शेख, दिनेश सांवलिया, गजराजसिंह सिसौदिया, अनिल सांखला, शीला सोनी, तृप्ति तोमर, कुसुम पांडे, अर्चना गर्ग सीमा वर्मा आदि अध्यापक उपस्थित रहे।



## सनावदा में धनगर समाज द्वारा तुलसी विवाह महोत्सव संपन्न

**पिपलिया मंडी।** 8 फरवरी 2026 गुरुवार को सनावदा निवासी तुलसीराम धनगर परिवार द्वारा बड़े हर्षोल्लास से तुलसी विवाह महोत्सव संपन्न हुआ। इसी महोत्सव को लेकर विगत 31 जनवरी 26 को श्री धनगर परिवार द्वारा बरखेड़ा पंथ सांवरिया सेठ मंदिर को गाजे बाजे के साथ लग्न पत्रिका पहूंचाई। तत्पश्चात उपरोक्त मांगलिक कार्य के तहत सनावदा में धनगर परिवार में प्रतिदिन भजन कीर्तन पूजा पाठ चलते रहे। ठीक निर्धारित 8 फरवरी 2026 गुरुवार को सांवरिया मंदिर समिति के तत्वाधान में भगवान सांवरिया सेठ की गाजे-बाजे नृत्य कीर्तन के बरात सनावदा के लिए रवाना हुई। बरात का पिपलिया नगर में तथा चौपाटी सहित कई जगह पुष्प वर्षा से श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। सनावदा में धनगर परिवार द्वारा बरात की अगवानी करते हुए भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात भगवान सांवरिया जी का बड़ी धूमधाम से विवाह महोत्सव संपन्न हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया।

## जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए अभिनव नवाचार किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुविधाए उपलब्ध कराने में सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य अमले का अहम योगदान रहा है। जिले में स्वास्थ्य सेवाए और सुदृढ हो, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं तत्परता पूर्वक उपलब्ध हो। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाईजा सकेतथा सड़क दुर्घटनाओं में पीडितों को त्वरित उपचार मिले और जनहानि कम हो। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नीमच में रविवार को " आपातकालीन सेवाओं के सुदृढी करण विषय पर जिले के चिकित्सकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, मेडिकल कालेज नीमच के डीन डॉ.आदित्य बैराल, आईएमए अध्यक्ष डॉ.मनीष चमडिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटिलआदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा, कि गर्भवती महिलाओं एवं हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का बेहतर प्रबंधन, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सामुहिक प्रयास किए जा रहे है। इसमें सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा, कि इस कार्यशाला से सभी को कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलेगा।

## हिंगोरिया बालाजी से नीमच सिटी मठ तक सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि

**नीमच।** हिंगोरिया बालाजी से नीमच सिटी मठ सडक निर्माण कार्य का भूमिपूजन सांसद सुधीर गुप्ता के विशिश्ट आतिथ्य, विधायक दिलीपसिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष स्वाति चौपडा की अध्यक्षता में मीणा मोहल्ला नीमचसिटी में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कहा कि उपनगर नीमचसिटी वासियों को बडी सौगात मिलने जा रही है, जिससे उन्हें मुख्य मह-नसीराबाद राजमार्ग पर जाने के लिए नीमच सिटी मठ मार्ग से हिंगोरिया बालाजी का एक नया वैकल्पिक सडक मार्ग उपलब्ध होगा। लगभग 2 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले लगभग 2.55 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

## मनरेगा मजदूरों का अधिकार, भाजपा सरकार इसे कमजोर करने की साजिश रच रही है: मीनाक्षी नटराजन




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौराहा पर एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों और मजदूरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य एवं पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा कोई सरकारी मेहरबानी नहीं बल्कि मजदूरों का संवैधानिक अधिकार और गांवों की आर्थिक रीढ़ है, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने केंद्र सरकार पर पूंजीपतियों के हित साधने और ट्रेड डील के माध्यम से किसानों को आर्थिक नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया। सुश्री नटराजन ने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का उचित सर्वे करने के बजाय केवल कागजी औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं, जबकि पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार ने संकट के समय तत्काल मुआवजा प्रदान किया था।

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र द्वारा मनरेगा में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाकर 40 प्रतिशत करना योजना को खत्म करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने जिले के प्रभावित किसानों को अब तक मुआवजा न मिलने पर कड़ा रोष व्यक्त किया। क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने भी भाजपा सरकार को गरीब विरोधी बताते हुए तत्काल राहत राशि की मांग की।

कार्यक्रम की शुरूआत में वरिष्ठ नेताओं ने महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण किया। धरने के पश्चात कार्यकर्ताओं ने नगर में रैली निकालकर सिटी कोतवाली में तहसीलदार को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, प्रकाश रातड़िया, राजेश रघुवंशी, सोमिल नाहटा, कांतिलाल राठौर, सुरेन्द्र कुमावत, तरुण खीची, अजय लोढ़ा, दीपक सिंह गुर्जर, यूनुस मेव, निर्विकार रातड़िया, रूपल संचेती, राघव सिंह शक्तावत सहित जिले के अनेक वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष और सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## लहसुन चोरी करने वाली मुल्तानी गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए क्षेत्र में लहसुन चोरी करने वाली कुख्यात मुल्तानी गैंग का पदार्फाश कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया गया 5 क्विंटल लहसुन भी बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 7 फरवरी को ग्राम आक्या निवासी फरियादी भेरुलाल माली और मांगीबाई माली ने थाने पर करीब ५ क्विंटल लहसुन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी उनि शुभम व्यास के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुल्तानपुरा की इस गैंग को ट्रेस किया और घेराबंदी कर चारों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस की गिरफ्त में आए चारों आरोपी मुल्तानपुरा थाना वायडीनगर के निवासी है जिनके नाम नियाजु टेनी पिता मुख्तियार टेनी, फिरोज पिता जाकीर पटेल, सादिक पिता फारुक बटला व शोहेल पिता साजिद मगुडा है। दलौदा पुलिस ने पिछले एक माह के भीतर अपराधियों पर नकेल कसते हुए 8 बड़ी चोरियों का खुलासा किया है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों में राहत है।

## 25 दिवसीय एडवांस योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 15 फरवरी से




**मन्दसौर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की राज्य समिति द्वारा मंदसौर और भानपुरा में 25 दिवसीय एडवांस योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह निर्णय हाल ही में दशपुर कुंज में आयोजित पतंजलि योगपीठ की जिला स्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक में महेश कुमावत ने बताया कि यह शिविर 15 फरवरी से 11 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 6 से 7.45बजे तक नगर पालिका सभा कक्ष, गांधी चौराहा मंदसौर एवं सांस्कृतिक भवन भानपुरा में आयोजित होगा बाहरी प्रतिभागी जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी जुड़ सकते हैं। इस शिविर में प्रतिभागियों को रोगानुसार योग, आयुर्वेद पैकेज, एक्यूप्रेशर, अष्टांग योग और यज्ञ चिकित्सा का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ प्रतिभागियों को सह योग शिक्षक का प्रमाण पत्र मिलेगा, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। चयनित शिक्षकों को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में 5 दिवसीय निशुल्क एडवांस ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। इसमें आयुष मंत्रालय के योगा सर्टिफिकेट बोर्ड की तैयारी सहित जल नेति, सूत्र नेति और कुंजल क्रिया जैसी षटकर्म क्रियाओं का अभ्यास कराया जाएगा। बैठक में बंसीलाल टॉक, ब्रजमोहन सोनी, हितेश सांवरिया, डॉ. मनीष व्यास, राकेश सिंह केलवा और विकास चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## श्री सांवलिया सेठ मंदिर के आजीवन सदस्य बने समाजसेवी पंडित राज नागदा



**पिपलिया मंडी।** बरखेड़ा पंथ स्थित प्रसिद्ध श्री सांवलिया सेठ मंदिर में युवा समाजसेवी एवं गौभक्त पंडित राज नागदा को 51 हजार रुपये की राशि भेंट कर आजीवन सदस्य मनोनीत किया गया। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले पंडित नागदा के इस योगदान की मंदिर समिति ने सराहना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों ने पंडित राज नागदा का अभिनंदन किया। मंदिर समिति ने कहा कि पंडित राज नागदा निरंतर गौसेवा, धार्मिक आयोजनों और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनका मंदिर से आजीवन जुड़ना संस्था के लिए गौरव की बात है। पंडित राज नागदा ने इस अवसर पर कहा कि श्री सांवलिया सेठ की कृपा से उन्हें सेवा का अवसर मिला है और वे भविष्य में भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देते रहेंगे।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरमावल पर रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक रतलाम ग्रामीण श्री मथुरालाल डामर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यकारिणी शासन के निदेर्शानुसार गठित की गई।

# सोनोग्राफी करने का लक्ष्य एक लाख पूरा किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा निरंतर मानव सेवा के क्षेत्र में कार्य किया एक लाख सोनोग्राफी पूर्ण होने के अवसर पर डॉक्टरो एवं मीडिया कर्मियों का सम्मान किया गया ।

आयोजित कार्यक्रम के अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी रतलाम अध्यक्ष प्रीतेश गादिया कोषाध्यक्ष संजय लूनिया मानव सेवा समिति के मोहनलाल पाटीदार( मुरली वाला) सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर दीपक पालडिया रहे। रेड क्रॉस सोसायटीचेयरमैन वीरेंद्र सिसोदिया ,कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, नरेश मारवाड़ी, मुकेश भाटी ,नंदकिशोर मंदलीय ने सभी सदस्यों ने अतिथियों का सम्मान किया ।

इस मौके पर रेड क्रॉस में निरंतर सेवा देने वाले धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया का सदस्यो द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मान किया । अतिथि गादियां ने कहा कि जिले की सभी शाखा में जावरा शाखा प्रथम स्थान पर है। शाखा की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। लुनिया ने सभी डायरेक्टर्स को इस उपलब्धि के लिए साधुवाद दिया । डॉक्टर पालडिया ने कहा कि रेड क्रॉस के प्रत्येक सेवा कार्य में वे सदैव तत्पर हैं ।

मुरली वाला ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी समय-समय पर मानव सेवा समिति के माध्यम से ब्लड कैंप आयोजित करती रहती है। रेड क्रॉस में सोनोग्राफी करने वाले डॉक्टर अयाज खान के साथ एक लाख वी सोनोग्राफी कराने वाली महिला नीलम का भी इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी पदाधिकारी ने स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला प्रतिनिधि शिवेंद्र माथुर( पार्षद) ने किया तथा कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

**Shri Guru Harikishan College of Education**
(RUN BY: SHRI GURU HARIKISHAN SHIKSHA SAMVERDHAN SAMITI)
Approved by: NCTE New Delhi
Affiliated to: Vikram University Ujjain (M.P.)
Higher Education M.P. Govt. Bhopal
Campus Address: - 51/8, Barbad Sailana Road, Near Aaro Ashram Ratlam (M.P.) 457001
E-mail: sghceratlam@gmail.com, Contact No. 07412-427433, 9755998107

**REQUIREMENT**
APPLICATION ARE INVITED FOR RECRUITMENT ON REGULAR BASIS

1. Principal - Ph.D. in Education, P.G. with 55% (Minimum 08 year of experience in Administration/Teaching)
2. Assistant Professor - All Subject (P.G. + M.Ed. with 55%)
3. Arts & Craft Teacher - M.A. (Drawing) with 55%
4. Music Teacher - M.A.(Tabla) with 55%
5. Librarian - M.Lib. 55% with computer Knowledge
6. Sports officer - M.P.Ed.

Note: Net/Slet/Ph.D. Qualified candidates will be given preference, Hand written application along with relevant & passport size photograph. Document must be submitted to the principal before 16/02/2026
Salary as per UGC/University Norms.



## खाचरौद शहर में क्रिकेट टूर्नामेंट का चौथा सीजन चरम पर

**खाचरोद।** शहर में सर्व श्री स्वस्तिकाये सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित उज्जैन जिले का सबसे बड़ा आयोजन खाचरोद प्रीमियर लिंग जो कि लगातार एक महीने तक चलेगा, क्रिकेट टूनामेंट अब बहुत ही रोमांचक मोड पर आ चुका है कार्यकम संयोजक नारायण मंडावलिया व अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने बताया कि ये आयोजन आई पी एल की दर्ज पर के पी एल सीजन फोर किया जा रहा है लगातार चौथे वर्ष आयोजित हो रहे आयोजन में आकर्षण का केंद्र रात्रिकालीन इस टूनामेंट में शानदार विद्युत सज्जा सबका मन मोह रही है,काफी संख्या मे महिलाए भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने आ रही है इसके साथ ही एक महीने में सैकड़ों समाजसेवियों, अधिकारियों, राष्ट्रीय खिलाड़ी, राजनीतिक दल के लोगों का रोजाना सम्मान किया जा रहा है। रोजाना दो बेस्ट खिलाड़ियों का मेन ऑफ द मैच से सम्मान भी किया जा रहा है,एक महीने तक चलने वाले इस टूनामेंट का फाइनल मुकाबला 14 फरवरी को होगा जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली टीम को 71 हजार ओर ट्राफी दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 41हजार ओर ट्राफी इसके अलावा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर अन्य सैकड़ो पुरस्कार प्रदान किया जाएंगे।

## पटाडियाधाकड़ के स्कूल को मिली दो करोड़ 43.63 लाख की सौगात




**सारंगपुर।** राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल की पहल सरपंच सुगनबाई राजपूत के अथक प्रयासों से परिवहन एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के द्वारा पटाडियाधाकड शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के विकास के लिए शासन द्वारा बडी सौगात दी गई है। प्रदेश के परिवहन एवं शिक्षा मंत्री सिंह ने विद्यालय में विभिन्ना विकास कार्यों हेतु 243.63 लाख (दो करोड तैंतालीस लाख तिरसठ हजार रुपये) की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से विद्यालय में बाउंड्री वॉल निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, प्रवेश गेट, शौचालय निर्माण, रिपेयर एवं री-पेंटिंग सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्य कराए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को सुरक्षित सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष ग्राम गौरव दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पटाडियाधाकड की सरपंच सुगनबाई राजपूत ने विद्यालय से जुडी समस्याओं और आवश्यकताओं को राज्यमंत्री टेटवाल के समक्ष प्रमुखता से रखा था। सरपंच द्वारा किए गए लगातार अथक प्रयास जनहित में की गई पहल तथा शासन-प्रशासन से निरंतर समन्वय का ही परिणाम है कि यह स्वीकृति प्राप्त हुई। इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों ने सरपंच के प्रयासों की सराहना करते हुए परिवहन एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। 5

### महाशिवरात्रि पर्व एवं शिवालय के रंग रोगन:

## श्रद्धालु यात्रियों की सुविधाओं को लेकर चिंतामानेश्वर महादेव मंदिर हो रहे कार्य




**सारंगपुर।** स्थानीय श्री चिंतामानेश्वर महादेव मंदिर में विकास समिति द्वारा निरंतर चल रहे विकास कार्य प्रगति पर है। समिति अध्यक्ष विष्णु प्रसाद जोशी ने बताया कि वर्तमान में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर रंग रोगन एवं सुंदरीकरण का कार्य शीघ्रता से किया जाना है परिसर को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप देने के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता होती है। श्री सोनी ने बताया श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थित शेड निर्माण , तैयार हो चुका हैं जिसका उपयोग भी किया जा रहा है। मंदिर के आकर्षण रंग रोगन हेतु ठेका दिया जा चुका है, विश्व प्रसिद्ध उज्जैन सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए अन्य सुविधाओं को लेकर भी समिति का प्लान है जो जन सहयोग से ही संभव होगा। यह सारंगपुर ऐतिहासिक नगरी है अच्छे कार्य करने वाले श्रद्धालुओं की भी कमी नहीं है। जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने बताया कि नगर के समाजसेवी अनूप चौधरी द्वारा महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए सुविधा घर शौचालय एवं स्नानागार, सुविधा घर कुल 8 बनकर अंतिम चरण पर है जिसमें आवश्यकता पडने पर अन्य लोगों से भी आर्थिक जनसंयोग समिति को प्राप्त हुआ है। त्रिकार ने बताया इसी परिसर में स्थित श्री चिंता हरण हनुमान मंदिर के रंग रोगन का कार्य भी समाजसेवी रवि राठौर द्वारा उनके पिता की स्मृति में आर्थिक सहयोग से चल रहा है। श्रद्धालुओं से समिति ने अनुरोध किया है कि कार्यों में तन मन धन से सहयोग करें। श्री सोनी ने दानदाताओं से अपेक्षा की है कि वे किए गए कार्य का भी अवलोकन करें कि आपके द्वारा दी गई राशि का सही सदुपयोग हो रहा है। उल्लेखनीय है कि शिवरात्रि महापर्व पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी समिति एवं महादेव मित्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय भव्य मेला भी लगाया जाएगा। जिसमें भारी संख्या में महिला बच्चे, पुरुष श्रद्धालु यहां आते हैं दर्शन लाभ लेकर अपने जीवन को कृतार्थ करते हैं।

### उड़ता सुसनेर, सरहद की आड़ में मौत का कारोबार, मादक पदार्थों की अवैध मंडी बना क्षेत्र

# बर्बादी की राह पर युवा पीढ़ी: स्मैक और एमडी ने उजाड़े कई घर

### बाहरी एजेंसियां खोल रहीं बड़े राज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

मध्य प्रदेश और राजस्थान की सीमाओं के मिलन बिंदु पर स्थित यह इलाका अब 'उड़ता पंजाब' की तर्ज पर मादक पदार्थों की तस्करी और निर्माण का सबसे बड़ा केंद्र (हब) बनकर उभरा है। पिछले कुछ महीनों में हुई करोड़ों रुपये की ड्रग्स बरामदगी और अवैध फैक्ट्रियों के खुलासे ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र संतरे की मिठास के लिए जाना जाता था किंतु अब क्षेत्र की पहचान नशे के कारोबार के हब के रूप में हो गई है क्षेत्र में नशे के कारोबार का केंद्र बनने के साथ ही पुलिस की निष्क्रियता के लिए पहचान बन रहा है।सुसनेर क्षेत्र में इस अवैध व्यापार का तरीका लगातार बदल रहा है। तस्कर अब केवल बाहर से माल नहीं ला रहे, बल्कि यहाँ पर भी ऐसे पदार्थों का निर्माण कर रहे हैं। हाल की पुलिस कार्रवाइयों में ऐसे अड्डों का भंडाफोड़ हुआ है जहाँ छिपकर इन हानिकारक पदार्थों को तैयार किया जा रहा था। इन कार्रवाइयों में बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त की गई है, जिसका संबंध स्थानीय नेटवर्क से जुड़ा हुआ पाया गया है। राजस्थान के झालावाड,डग,भवानीमंडी एवं म.प्र. की इंदौर,उज्जैन की पुलिस के साथ नारकोटिक विभाग की टीम मादक पदार्थों बडी जखीरे को पकडकर आरोपियों को पकड कर ले जा चूकी है किंतु सुसनेर पुलिस वर्षो से चल रहे इस कारोबार को देखकर भी अनदेखा कर रही है। ड्रग्स माफिया की गतिविधियों क्षेत्र का नाम सुर्खियों में है। सुसनेर सहित आगर जिले और आसपास के गांवों में मादक पदार्थों का नेटवर्क गहराई तक फैल चुका है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्थानीय पुलिस को इन गतिविधियों की भनक तक नहीं लग रही जबकि राजस्थान, हरियाणा और अन्य जिलों की पुलिस यहां आकर बड़ी-बड़ी कार्रवाई कर चुकी है। जानकारी के अनुसार मादक पदार्थों जिसमें एमडी ड्रग,गाजा,स्मेक लंबे समय से क्षेत्र में खपाई जा रही है। पुलिस को इसकी जानकारी नही या फिर कहे जानकर भी अनजान है जबकि तकनीकी इनपुट और मुखबिर तंत्र के आधार पर अन्य राज्यों की पुलिस सुसनेर में कार्रवाई कर रही है। क्षेत्र के युवाओं में एमडी, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की लत लग चूकी है। देर रात संदिग्ध लोगों की आवाजाही देखी जाती है, आम नागरिकों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस केवल एक-दो छोटी-मोटी कार्रवाई कर खानापूर्ति कर रही है।

स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों तक ड्रग्स की पहुंच होना बेहद खतरनाक संकेत है। कई परिवारों ने नाम न छापने की शर्त पर



बताया कि कुछ मोहल्लों में खुलेआम नशे की पुड़िया बिकती हैं, लेकिन शिकायत करने पर भी ठोस कार्रवाई नहीं होती।

हाल ही में सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीम ने 320 किलो 720 ग्राम संदिग्ध केमिकल 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपीओफिनोन जब्त किया। जांच में सामने आया कि इससे लगभग 50 करोड़ रुपये मूल्य की एमडी ड्रग्स तैयार की जानी थी। यह खतरनाक केमिकल महाराष्ट्र से कोटा होते हुए आगर मालवा लाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान आगर निवासी जय नारायण उर्फ मम्मू और उसका साथी रामलाल सहित कुल पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए। आरोपियों की निशानदेही पर राजगढ़ जिले के माचलपुर क्षेत्र में चल रही एक ड्रग्स फैक्ट्री का भी पदार्फाश हुआ। जहां से निर्माण में प्रयुक्त मशीनें और अन्य सामग्री बरामद की गई।

### तस्करी का पैटर्न और जाल

**नर्सरी और फार्महाउस का उपयोग-:** तस्कर घने जंगलों या वैध व्यवसायों जैसे नर्सरी की आड़ में गुप्त लैब बना रहे हैं ताकि सैटेलाइट या पुलिस की नजर से बचा जा सके।

**युवा पीढ़ी पर संकट-** स्थानीय स्तर पर स्मैक और एमडी की बढ़ती उपलब्धता ने क्षेत्र के युवाओं को नशे की गर्त में धकेल दिया है। राजस्थान के सीमावर्ती गांवों से सुसनेर के रास्ते नशीले पदार्थों की सप्लाई मालवा के अन्य जिलों तक की जा रही है।

### पहला मामला

8 जनवरी 2026 इंदौर नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई ने भी सुसनेर कनेक्शन को उजागर किया। विभाग ने सुसनेर निवासी शाकिर उर्फ बल्लू और अल्फेज खां को 35.80 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 3.5 लाख रुपये आंकी गई। यह कार्रवाई इंदौर के राजकुमार ब्रिज क्षेत्र में हुई, लेकिन जांच की सुई सीधे सुसनेर तक पहुंची, जिससे साफ हुआ कि यहां से बड़े शहरों तक नशे की सप्लाई हो रही है।

### दूसरा मामला

सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स ने आगर मालवा के ग्राम आमला में 10 जनवरी 2026 को छापा मारकर 10 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, केमिकल और मशीनें जब्त की थीं। सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि एक नर्सरी की आड़ में ड्रग्स निर्माण किया जा रहा था। यह खुलासा बताता है कि माफिया कितनी सुनियोजित रणनीति के साथ काम कर रहा है और स्थानीय तंत्र की पकड़ कितनी कमजोर है। आमला जिले के बीच मे है सुसनेर, नलखेड़ा आगर के बीच मे है।

**इनका कहना**

मादत पदार्थो को लेकर जब भी सूचना प्राप्त होती है पुलिस के द्वारा कारवाई की जाती है। पुलिस के द्वारा जिले में पूर्व में कारवाई की गई है। सुसनेर क्षेत्र में भी करवाई की जा रही है।

विनोद कुमार सिंह
जिला पुलिस अधीक्षक आगर मालवा

### एक नजर स्थानीय पुलिस की और

स्थानीय पुलिस की ओर देखें तो 17 जनवरी 2026 को सुसनेर थाने की टीम ने 20.60 ग्राम स्मैक के साथ राजा उर्फ सलीम और अरशद को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी केशर राजपूत के नेतृत्व में हुई यह कार्रवाई की गई थी। लेकिन क्षेत्र में चल रहे करोड़ों के अंतरराज्यीय कारोबार के सामने यह बेहद छोटी मानी जा रही है। लोगों का आरोप है कि पुलिस ज्यादातर छोटे पेडलरों तक ही सीमित रहती है ।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में वार्ड 14 एवं 15 के लोगों ने किया प्रदर्शन

### प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर विद्युत मंडल व तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आरोन



अयोध्या बस्ती के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर स्थानीय रहवासियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। पार्षद अजुद्दी बाई एवं पार्षद धर्मेंद्र बुनकर के नेतृत्व में महिलाओं और पुरुषों ने एकजुट होकर विद्युत मंडल कार्यालय में आवेदन दिया तथा एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर बिना पूर्व सूचना के लगाए जा रहे हैं, जिससे आमजन में असमंजस और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। वार्डवासियों का कहना है कि मीटर लगाने से पहले किसी प्रकार की जानकारी या सहमति नहीं ली गई, जबकि ठेकेदार और संबंधित कर्मचारी सीधे घरों पर पहुंचकर मीटर लगाने का दबाव बना रहे हैं। इसी विरोध को लेकर महिलाओं और पुरुषों ने तहसील परिसर पहुंचकर सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जब तक स्मार्ट मीटर को लेकर स्पष्ट जानकारी और सहमति नहीं बनती, तब तक इन्हें जबरन न लगाया जाए। वार्डवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर कुछ लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि कोई मीटर लगवाने से मना करता है तो उसके साथ अभद्र व्यवहार और धमकी दी जाती है।

इस संबंध में वार्ड 14 और 15 के नागरिकों ने आरोन थाने में भी आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मीटर नहीं लगवाने पर गाली-गलौज और धमकी दी जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। प्रदर्शन के दौरान पार्षद धर्मेंद्र बुनकर और अजुद्दी बाई ने प्रशासन से मांग की कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पारदर्शी और जनसहमति से की जाए तथा ठेकेदारों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। साथ ही, आम नागरिकों के साथ किसी भी प्रकार की धमकी या दुर्व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई की जाए। वार्ड के महिलाओं और पुरुषों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और जबरन स्मार्ट मीटर लगाए गए, तो आगे भी आंदोलन और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



## ताश के जुए पर पुलिस की दबिश, पांच आरोपी गिरफ्तार

### नकदी, मोबाइल व वाहन जब्त

**शुजालपुर।** थाना शुजालपुर मंडी पुलिस ने जुआ खेलने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नकदी, ताश के पत्ते, मोबाइल फ ोन व वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 6 फ रवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि नांदासुरा नाले की पुलिया के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां कुछ लोग ताश के पत्तों पर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से उवेद उर्फ चिंटू बाबा पिता अनवार खां भीमपुरा, इरफ ान पिता इकराम भीमपुरा, निशार खां पिता बन्ने खां तुलसीनगर, जावेद खां पिता जलील खां महेशपुरा, तोहिद पिता मुकसूद निवासी महेशपुरा शुजालपुर मंडी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से ताश के पत्ते, अलग-अलग राशि की नकदी सहित कुल करीब 10 हजार से अधिक रुपए, मोबाइल फ ोन तथा कुछ दुपहिया वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ ममता सम्मानित

**जगोटी।** मतदाता सूची गहन परीक्षण को लेकर



लगातार उत्कृष्ट व शीघ्र कार्य करने पर बीएलओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता राजपूत को गत दिवस जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए तहसीलदार संतुष्टि पाल ने सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जगोटी के चारों मतदान केंद्रों पर एस आई आर का कार्य करने वाले बीएलओ ने अपने कार्य को शीघ्रता से करते हुए मतदाताओं को सुलभ सेवाएं दी।

## स्कूल बसों पर विशेष चेकिंग अभियान, 8 वाहनों पर जुर्माना



**सुसनेर।** परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में जिला परिवहन कार्यालय के विशेष जांच दल द्वारा तहसील सुसनेर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विद्यालयों की पंजीकृत स्कूल बसों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत एक्सलेंस पब्लिक स्कूल, इन्वेंचर पब्लिक स्कूल, कैथोलिक पब्लिक स्कूल एवं ब्राइट पब्लिक स्कूल की कुल 32 स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना बीमा (इंश्योरेंस), बिना पीयूसी एवं बिना परमिट के संचालित पाए गए 8 वाहनों पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने के कारण 17,500 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान स्कूल बस संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने वाहनों में सड़क सुरक्षा से संबंधित समस्त नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा वाहनों के सभी वैध दस्तावेज पूर्ण होने पर ही बसों का संचालन करें, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में वाहनों की चेकिंग कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## शुजालपुर यार्ड में रेलवे फाटक रहेगा बंद

**शुजालपुर।** शुजालपुर पश्चिम रेलवे द्वारा शुजालपुर यार्ड स्थित रेलवे फाटक क्रमांक 79 पर स्लीपर बदलने गेट सुधार का कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर पीडब्ल्यू शुजालपुर के अनुसार तकनीकी कारणों से कार्य अवधि बढ़ाए जाने के चलते फाटक 7 से 9 फ रवरी तक आंशिक रूप से बंद रहेगा।

## त्योहार मनाने को लेकर लिए निर्णय पर जताई खुशी

**सुसनेर।** देशभर में पर्वों और त्योहारों की अलग-अलग तिथियों को लेकर हर साल होने वाले भ्रम को दूर करने के लिए अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय का पुजारी उत्थान समिति ने स्वागत किया है। इस पहल से पूरे देश में त्योहारों के आयोजन में एकरूपता आएगी और लोगों का असमंजस दूर होगा। पुजारी उत्थान कल्याण समिति मध्य प्रदेश संगठन सचिव घनश्याम शर्मा सुसनेर ने इस कदम को स्वागत योग्य बताया, क्योंकि मंदिरों की संपूर्ण व्यवस्था पुजारियों द्वारा संभाली जाती है और आयोजनों में स्पष्टता आवश्यक है।बता दे की गत दिनों विदिशा के बैकुंठधाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित 68वें वार्षिक महाधिवेशन में देशभर से आए ज्योतिर्विदों और विद्वान पंडितों ने कई पंचांगों के गहन अध्ययन, धार्मिक परंपराओं और खगोलीय गणनाओं के आधार पर सर्वसम्मति से प्रमुख त्योहारों के लिए एक-एक तिथि घोषित की है। घोषित की गई प्रमुख तिथियों में गुड़ी पड़वा/नवरात्रि आरंभ 19 मार्च, श्री रामनवमी 27 मार्च, दीपावली 8 नवंबर (2026), और मकर संक्रांति 15 जनवरी (2027) शामिल हैं।

### राष्ट्रीय कवि प्रदीप जी की जयंती नगर में गौरव दिवस के रूप में मनाई

# पैतृक निवास से लेकर शासकीय कार्यालयों में स्थापित हुई तस्वीरें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



नगर में राष्ट्रीय कवि पंडित रामचंद्र द्विवेदी कवि प्रदीपजी की जयंती एवं गौरव दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी, भावनात्मक और ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन एवं कवि प्रदीपजी की तस्वीरें भेंट कर उन्हें सम्मानपूर्वक स्थापित करने का कार्य वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद इंजी. विजयंत सिंह गोसर द्वारा अपनी व्यक्तिगत पहल, संकल्प एवं व्यवस्था से संपन्न कराया गया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि कवि प्रदीप जी की तस्वीरें भी उनकी व्यवस्था से तैयार करवाई गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय कवि प्रदीप जी के पैतृक निवास से किया गया। उनके निवास पर पहुँचकर वर्तमान में वहाँ निवासरत पुरोहित परिवार को कवि प्रदीप जी का चित्र सम्मानपूर्वक भेंट किया गया। पैतृक निवास से कार्यक्रम की शुरूआत होने से यह आयोजन भावनात्मक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बन गया।

इसके पश्चात शनिवार दोपहर 2:00 बजे नगर के विभिन्न प्रमुख शासकीय कार्यालयों जिसमें विद्युत विभाग कार्यालय, पुलिस थाना, शासकीय अस्पताल, शासकीय कन्या विद्यालय, शासकीय बालक विद्यालय, बी.ओ./बी.आर.सी. कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, शासकीय महाविद्यालय एवं नगर पालिका परिषद में कवि प्रदीप जी की तस्वीरें भेंट कर उन्हें सम्मानपूर्वक स्थापित किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय कवि प्रदीप जी ने अपनी ओजस्वी और राष्ट्रप्रेरक लेखनी के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक जागरण को नई दिशा दी। उनके गीतों ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्रनिर्माण के प्रत्येक दौर में जन-जन के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। वे केवल बड़नगर ही नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र का गौरव हैं।

कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा, पार्षद अजय दोराया, बहादुर बादशाह, तरुण आचार्य, कुशल गेहलोत, मधुसूदन भारद्वाज, प्रभात पुरानिया, गुलरेज मंसूरी, गुलशन खटोड़, शैलेंद्र सिंह सिसोदिया, रईस निजामी, राजकुमार पुरोहित, श्याम गुर्जर, हेमंत परमार, कुणाल राठौड़, संतोष बगेरवाल, राजेश कायस्थ एवं अमजद पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान यह मांग भी प्रमुखता से रखी गई कि बड़नगर में राष्ट्रकवि कवि प्रदीप जी के नाम से एक संग्रहालय (म्यूजियम) का निर्माण किया जाए, जिसमें उनकी रचनाएँ, जीवन संघर्ष एवं राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को संरक्षित किया जा सके, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनसे प्रेरणा ले सकें। नगर की ओर से राष्ट्रकवि कवि प्रदीप जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

## हेपेटाइटिस बी टीकाकरण शिविर का लोगों में नहीं रहा उत्साह



**इंगोरिया।** आंगनवाड़ी पर हेपेटाइटिस बी वेक्सिनेशन का शिविर लगा था। विकासखंड बी एम ओ डॉक्टर विजयेंद्र सिंह अजनार ने बताया कि यह टीकाकरण अनिवार्य नहीं है, संस्था को निर्देशित किया गया है किसी पर दबाव नहीं डालना है स्वेच्छा से जो लोग टीका लगाना चाहे उन्हें ही टीका लगाया जाए। कर्तव्य नमन एजुकेशन हेल्थ फाउंडेशन रिसर्च सेंटर द्वारा इंगोरिया में हेपेटाइटिस बी और टाईफाइड की रोकथाम हेतु बिना लाभ हानि के टीका करण हेतु शिविर आयोजित करने का आवेदन किया था। शनिवार को संस्था के प्रमोटर डॉ वेद भूषण उपाध्याय पीलिया रोग, फेटी लीवर और अन्य संक्रामक बीमारियो के बचाव हेतु टीका करण कैंप लगाया था। टीका से शुल्क होने से के प्रति गांव के बहुत कम लोगों ने रुचि दिखाई।

न्यूज कॉलम

## लिव-इन पार्टनर ने युवती की हत्या की, मामला दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के सुगनीदेवी कॉलेज परिसर में गंभीर हालत में मिली युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवती को राहगीरों ने घायल अवस्था में एमवाय अस्पताल पहुंचाया था। उसके हाथों और शरीर पर कई टैटू बने हुए थे, वहीं शरीर पर ब्लेड से काटने के निशान भी पाए गए थे। शुरूआती जांच में डॉक्टरों को उसके साथ ज्यादती की आशंका हुई, जिसके चलते सैंपल भी लिए गए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि युवती पर हमला उसके लिव-इन पार्टनर ने किया था। आरोपी ने हत्या की नीयत से पत्थर से वार किया था। देर रात इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया।

**खाली मैदान में किए थे वार-** टीआई आरडी कानवा की टीम ने इस मामले में युवती के दोस्त मुकेश कोरी (45) (निवासी तीन पुलिया) को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक युवती और मुकेश कुछ समय से साथ रह रहे थे और दोनों नशे के आदी थे।

## शराबी युवकों ने सिंगर को पीटा

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया इलाके में शनिवार रात एक रिसोर्ट में सिंगर निलेश पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब रिसोर्ट में सिंगिंग प्रोग्राम चल रहा था। गायक को पीटने के बाद, जब रिसोर्ट मैनेजर और स्टाफ ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो युवकों ने मंत्री के नाम का हवाला देकर धमकाया। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन युवक कार लेकर चले गए। अभी सिंगर ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# यूथ वॉक ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## नेहरू स्टेडियम से 3 किलोमीटर लंबी वॉक में लिया 10 हजार युवाओं ने हिस्सा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में युवा नशा-उन्मूलन जागरूकता वॉक (यूथ वॉकझ2026) ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स (लंदन) में अपना नाम दर्ज कराया है। 8 फरवरी 2026 को हुए इस आयोजन में लगभग 10 हजार युवाओं ने हिस्सा लिया, जिससे नशा विरोधी जन-जागरूकता के क्षेत्र में यह कार्यक्रम एक विश्व रिकॉर्ड बन गया।

3 किलोमीटर लंबी यह वॉक नेहरू स्टेडियम से सुबह 9 बजे शुरू हुई। कार्यक्रम के आयोजक रुद्राक्ष गोलू शुक्ला के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना और समाज में जनजागरण फैलाना है। आयोजकों का दावा है कि यूथ वॉक में 20 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए।

'नशे से दूर रहें युवा'

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव, बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला सहित कई अतिथियों ने शिरकत की। इस अवसर पर खगेंद्र भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी युवा है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के युवाओं को नशे की लत में फंसाकर कमजोर करने की साजिशें की जा रही हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।




बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और यदि वे सही दिशा में आगे बढ़ें तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने रुद्राक्ष शुक्ला द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं।

# भाजपा नेता ने गुंडागर्दी कर युवकों के सिर फोड़े, स्कॉर्पियो तोड़ी

## समझौते के 20 दिन बाद फिर भड़का विवाद, हंगामे के बाद एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के राऊ इलाके में रविवार सुबह भाजपा युवा मोर्चा के एक पदाधिकारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया।

आरोपियों ने न केवल युवकों के साथ मारपीट की, बल्कि उनकी स्कॉर्पियो कार के कांच भी चकनाचूर कर दिए। घायल युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, हमलावर की पहचान भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष वेदांत तिवारी के रूप में हुई है। पीड़ित प्रखर शर्मा और नयन बाफना (सुदामा नगर) सुबह कैट रोड स्थित एक कैफे से चाय पीकर अपनी स्कॉर्पियो से लौट रहे थे।

इसी दौरान वेदांत तिवारी, समीर शर्मा और आदित्य ने उनका पीछा किया और बीच रास्ते में रोककर हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से वर्चस्व को लेकर रंजिश चली आ रही है।

### पुलिस पर भारी पड़ा 'सियासी दबाव'

घटना के बाद घायल युवक जब राऊ थाने पहुंचे, तो वहां हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। आरोप है कि सत्ताधारी दल के नेताओं के दबाव के चलते पुलिस शुरूआत में एफआईआर दर्ज करने से कतराती रही। हालांकि, जब मामला बढ़ा और थाने पर हंगामा शुरू हुआ, तब जाकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## कांग्रेस नेता का अकाउंट हैक कर 'फर्जी शादी' का कार्ड वायरल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता उस वक्त मुसीबत में पड़ गए, जब सोशल मीडिया पर उनकी अपनी ही शादी का निमंत्रण पत्र वायरल होने लगा। हद तो तब हो गई जब यह कार्ड हजारों लोगों के मोबाइल तक पहुंच गया। अब नेताजी लोगों से हाथ जोड़कर अपील कर रहे हैं "मेरी शादी नहीं है, प्लीज उस लिंक को न खोलें।"

इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सदाशिव यादव के नाम से एक डिजिटल वेडिंग कार्ड सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल किया जा रहा है। इस फर्जी कार्ड में शादी की तारीख 24 फरवरी 2026 लिखी गई है। कार्ड के साथ एक संदिग्ध लिंक भी अटैच किया गया है, जिसमें लोगों को विशेष निमंत्रण के नाम पर क्लिक करने को कहा जा रहा है।

**यादव बोले- मेरा अकाउंट हैक हो गया:** जैसे ही सदाशिव यादव को इस फजीर्वाड़े की खबर लगी, उन्होंने तुरंत स्पष्ट किया कि उनकी कोई शादी नहीं हो रही है। यादव ने आशंका जताई है कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट या मोबाइल डेटा हैक कर लिया गया है और यह उनकी छवि खराब करने की एक गहरी राजनीतिक साजिश हो सकती है।

**पुलिस और साइबर सेल में शिकायत दर्ज:** सदाशिव यादव ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इंदौर साइबर सेल अब इस बात की जांच कर रही है कि यह फर्जी कार्ड कहां से जनरेट हुआ और इसके पीछे किसका हाथ है।

## युवक की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों ने लगाया पत्नी पर आरोप

**इंदौर।** इंदौर के राऊ इलाके में मिले एक युवक के शव की पहचान होने के बाद रविवार को उसके परिजन उत्तर प्रदेश से इंदौर पहुंचे। युवक के पिता और बहन ने उसकी पत्नी और उसके मायके पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पति की मौत के बाद ही पत्नी अपने रिश्तेदार के साथ मायके चली गई। राऊ पुलिस के अनुसार, एमराल्ड स्कूल के पीछे 5 फरवरी की देर रात एक युवक ने कथित रूप से आत्महत्या की थी। शव को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी पहचान प्रवीण काछी, पिता राजकुमार काछी, के रूप में हुई। प्रवीण राऊ की एक चॉकलेट फैक्ट्री में काम करता था और मूल रूप से इटावा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। प्रवीण की पहचान होने के बाद उसके परिजन रविवार को इंदौर पहुंचे। उन्होंने पत्नी अवनी और उसके मायके पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। पिता राजकुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद इंदौर में रहने वाले रिश्तेदारों के साथ मिलकर अवनी ने मारपीट की थी। इसके बाद प्रवीण घर से चला गया था। पुलिस ने बताया कि उसी रात अवनी थाने पहुंची थी और उसने पति प्रवीण के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने एक दुर्घटना की जानकारी देते हुए पहचान की प्रक्रिया कराई थी।

**पति के शव के बिना यूपी पहुंची पत्नी:** इधर, रविवार को पुलिस ने प्रवीण के शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन उसकी पत्नी अवनी वहां नहीं पहुंची। पुलिस के मुताबिक, वह प्रवीण के पिता और बहन के इंदौर पहुंचने से पहले ही उत्तर प्रदेश में अपने मायके चली गई थी। वहीं, प्रवीण के पिता और बहन ने पुलिस से पूरे मामले की जांच की मांग की है।

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफ:- लड़के/ लड़की,
पद:- 6 योग्यता :- 12वीं पास
सैलरी :- 15000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है -
2 पद : सैलरी 8000/-
स्थान:- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपूरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 8/02/2026 रविवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतन:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

भारत की सबसे पुरानी प्राइवेट लिमिटेड यात्रा कंपनी
कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
रामेश्वरम, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, मदुरई, तिरूपति बालाजी यात्रा
प्रबंधक - राजेश पोरवाल एवं अनिल पोरवाल
समय 10 दिन
• आवास हेतु 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
• कंपनी द्वारा 15 व्यक्तियों से अधिक के समूह में भोजन एवं चाय नाश्ते की सुविधा
विशेष प्रस्थान - 10 मार्च 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर से त्रिवेंद्रम के लिए ट्रेन से प्रस्थान
• तीसरा दिन : विख्यात पद्मनाभ स्वामी मंदिर दर्शन, रात्रि विश्राम त्रिवेन्द्रम
• चौथा दिन : कन्याकुमारी मंदिर दर्शन, संगम स्नान रात्रि कन्याकुमारी
• पांचवा दिन : रामेश्वरम दर्शन, रामेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन रात्रि रामेश्वरम
• छठा दिवस : मदुरई स्तिथ मिनाक्षी देवी मंदिर दर्शन रात्रि बस अथवा ट्रेन
• आठवां दिन : तिरुपति बालाजी दर्शन (दर्शन हेतु आधार कार्ड साथ लाये)
• नवा दिन : भोपाल होते हुए इंदौर प्रस्थान
• दसवा दिन : इंदौर आगमन
यात्रा शुल्क मात्र 19,500 प्रति सवारी
पूर्ण AC यात्रा शुल्क 28,000 रु प्रति सवारी
ग्रुप बुकिंग पर विशेष छूट

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नही चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com